कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 347, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 15 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'डीएमके ने बिहारियों के साथ किया दुर्व्यवहार, क्या राहुल दिला पाएंगे न्याय'

**नई दिल्ली**

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राहुल गांधी की 'रीब्रांडिंग और रीपैकेजिंग' यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस सभी चुनाव हार गई। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद वे क्या खो देंगे।

**क्या कुछ बोले शहजाद पूनावाला?**

समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह 'न्याय यात्रा' नहीं, बल्कि राहुल गांधी की 15वीं रीलॉन्च यात्रा है। हाल के चुनावों में मिली हार के बाद यह राहुल गांधी के लिए एक 'रीब्रांडिंग और रीपैकेजिंग' यात्रा है और कांग्रेस के लिए आईएनडीआईए में अपनी प्रासंगिकता खो देने के बाद यह एक पुनरुद्धार यात्रा है। उन्होंने कहा, पिछली यात्रा के बाद हमने देखा कि कांग्रेस ने 11 में से आठ चुनाव गंवा दिए। उन्होंने आगे तंज भरे लहजे में कहा कि लोग भी इस यात्रा को गंभीरता से नहीं लेते हैं। लोगों को भूल जाइए यहां तक कि आईएनडीआईए के सहयोगी भी इस यात्रा को गंभीरता से ले रहे हैं?

**शहजाद पूनावाला का कांग्रेस से सवाल?**

उन्होंने पूछा कि अगर वे न्याय के बारे में बात कर रहे हैं तो चूंकि यात्रा बिहार से होकर गुजरेगी तो क्या राहुल गांधी उन बिहारियों और उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय दिलाएंगे, जिनके साथ डीएमके नेताओं ने दुर्व्यवहार किया।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में**

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की रविवार की इंफाल के खोंगजोम युद्ध स्मारक से शुरूआत हुई। यह यात्रा मार्च के तीसरे सप्ताह में मुंबई में समाप्त होगी। यात्रा के दौरान राहुल गांधी 67 दिनों में 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगे और 110 जिलों से गुजरेंगे।

# मणिपुर: शुरू हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा

## मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए

**इंफाल**

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा- मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है। उधर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राहुल की यात्रा को लेकर संदेह जताया। सीएम ने कहा, राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, क्या यह रैली आयोजित करके राजनीति करने का समय है? यह वास्तव में भारत तोड़ो यात्रा है, न कि भारत जोड़ो यात्रा है। हमें संदेह है कि राहुल ने इसमें गड़बड़ी की है। वे जब भी आते हैं तो दिक्कत हो जाती है। इस बार मणिपुर अलर्ट पर है। राहुल के साथ अशोक गहलोत, सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा और राजीव शुक्ला जैसे कई सीनियर नेता मणिपुर पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी।

चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें,





## 'मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है'



चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है। 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया। जहां गवर्नेंस का पूरा स्ट्रक्चर बिगड़ गया। 29 जून के बाद से मणिपुर बदल गया। कोने-कोने में नफरत फैली। आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

**खरगे ने नेहरू का जिक्र किया**

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे, तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी।

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी मणिपुर वोट के लिए आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में है तब वे नहीं आते। वे राम-राम करते हैं।

किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है। 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया। जहां गवर्नेंस का पूरा स्ट्रक्चर बिगड़ गया। 29 जून के बाद से मणिपुर बदल गया। कोने-कोने में नफरत फैली। आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

## 'क्या-कभी 1984 के अत्याचारों को लेकर न्याय के बारे में सोचा'



**नई दिल्ली**

**कांग्रेस की 'भारत** जोड़ो न्याय यात्रा' का पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से शुभारंभ हो चुका है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस नेता से पूछा कि क्या उन्होंने 1984 में अत्याचार झेलने वाले सिख समुदाय के लोगों के लिए न्याय के बारे में विचार किया है।

**केंद्रीय मंत्री 1984 को लेकर पूछा सवाल**

पुरी ने कहा, "मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि वह हमारे (सिख) समुदाय के उन लोगों के बारे में क्या सोचते हैं, जिन्होंने 1984 के अत्याचारों को झेला है।" उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सांसद विचलित रहते हैं और कुछ भी कहते रहते हैं। उनके लोगों ने सनातन धर्म के बारे में जो बातें कीं हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

**मिलिंद देवड़ा को लेकर क्या कहा**

पुरी से जब मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस से एकनाथ शिंदे के धड़े वाली शिवसेना में जाने को लेकर उन्होंने कहा कि वह मिलिंद और उनके पिता मुरली देवड़ा को तीस-चालीस वर्षो से जानते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "मैं मिलिंद देवड़ा को जानता हूं। उनके पिता मुरली देवड़ा को 30-40 वर्षों से जानता हूं। वह शिदे के धड़े वाली पार्टी में शामिल हुए हैं और हमारा उनके साथ गठबंधन है।

## नए सिरे से संवारा जाएगा ऐतिहासिक पुरी स्टेशन

**पुरी (ओडिशा)**

पुरी रेलवे स्टेशन चार धामों में गिने जाने वाले आस्था के वैश्विक केंद्र- जगन्नाथ मंदिर की पारंपरिक वास्तुकला विशेषताओं को प्रतिबिंबित करेगा। ये कहना है स्टेशन को नए सिरे से डेवलप कर रही कंपनी का। कंपनी के मुताबिक रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस स्टेशन पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी शानदार एहसास दिलाने वाली सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बता दें कि करीब डेढ़ साल पहले भारतीय रेलवे ने स्टेशन के पुनर्विकास का ठेका दिया था। जुलाई 2022 में रथ आर्किटेक्चरनिक को निर्माण कार्य का जिम्मा मिला।



काम जनवरी 2023 में शुरू हुआ। स्टेशन पुनर्विकास परियोजना पर काम कर रही कंपनी- रथ आर्किटेक्चरनिक के मुताबिक जुलाई, 2024 तक काम पूरा होने की उम्मीद है। स्टेशन का पुनर्निर्माण कलिंग वास्तुकला के अनुसार किया जा रहा है। कलिंग वास्तुकला ईसा पूर्व चौथी शताब्दी से जुड़ी है। कंपनी के अधिकारी प्रतीक रथ ने बताया कि वास्तुकला की कलिंग शैली का जीवंत उदाहरण जगन्नाथ मंदिर भी है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक महत्व वाले शहर में रेलवे स्टेशन का बाहरी हिस्सा मंदिर को प्रतिबिंबित करेगा।

## 'पोंगल 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाता है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को पोंगल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दशार्ता है। पीएम ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय राज्य मंत्री (टङ्कर) एल मुरुगन के आवास पर पोंगल समारोह में भाग लेने के दौरान यह बात कही।

**पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं**

पीएम मोदी ने कहा, "देश ने कल लोहड़ी का त्योहार मनाया। कुछ लोग आज मकर संक्रांति मना रहे हैं और कुछ लोग कल मनाएंगे, माघ



बिहू भी आ रहा है, मैं देशवासियों को इन त्योहारों की शुभकामनाएं देता हूं।" पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें अपने परिजनों के साथ पोंगल मनाने का मन कर रहा है। उन्होंने कहा, "आप सभी को पोंगल की हार्दिक शुभकामनाएं! इस पवित्र अवसर पर, मैं कामना करता हूं कि आपके जीवन में सुख, समृद्धि और संतुष्टि आए। आज, मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं अपने परिजनों के साथ पोंगल मना रहा हूं।"

**पुडुचेरी और तेलंगाना के राज्यपाल रहे मौजूद**

इस अवसर पर पुडुचेरी की उपराज्यपाल और तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन भी उपस्थित रहीं। पीएम ने कहा, "पोंगल का त्योहार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दशार्ता है। एकता की यह भावना 2047 के 'विकसित भारत' को ताकत देगी।" साथ ही, उन्होंने कहा कि सभी त्योहार किसी न किसी रूप में कृषि से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, "संत तिरुवल्लुर ने कहा है कि 'अच्छी फसल, शिक्षित लोग और ईमानदार व्यापारी मिलकर राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

## यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत



**कोलकाता**

बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री यवेस लेटरमे ने यूएनएससी में भारत को स्थायी रूप से शामिल करने की पुरजोर वकालत की है। लेटरमे ने कहा कि इस तरह के कदम से परिषद की साख और बढ़ेगी। लेटरमे ने तर्क दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता है, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है जो 20वीं सदी में स्थापित संरचनाओं से परे हो।

**भारत का कद बढ़ा**

लेटरमे ने इसी के साथ पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी ने भारत के भू-राजनीतिक कद को ऊंचा करने का काम किया है और भारत ने उनके नेतृत्व में कई अधिकार पाए हैं।

### यह चीन के बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) का पूरक बनने की क्षमता रखता है

**चीन को टक्कर दे रहा भारत**

पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में, लेटरमे ने नई कनेक्टिविटी पहल, भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह चीन के बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) का पूरक बनने की क्षमता रखता है।

## कल 540 करोड़ की किस्त जारी करेंगे पीएम मोदी, इन एक लाख लोगों को मिलेगी पक्के घर की चाबी

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मकर संक्रांति के दिन 'पीएम जन मन योजना' के अंतर्गत 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करेंगे। इस पैसे से देश के सुदूर इलाकों में रह रहे आदिवासियों के लिए पक्के आवास बनाए जाएंगे। पीएम आवास योजना के लिए चयनित लोगों के आवास के निर्माण के लिए जारी की जाने वाली यह पहली किस्त है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 15 जनवरी को बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस की शुरूआत की थी। इस कार्यक्रम की दूसरी वर्षगांठ पर सोमवार 15 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी देश के सौ जिलों से एक लाख लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात भी करेंगे। देश के 100 जिलों के विभिन्न केंद्रों पर जुटे पीएम जन मन योजना के लाभार्थियों से मोदी से बातचीत के अवसर पर केंद्र-राज्यों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अधिकारी एक लाख लाभार्थियों को उन्हें आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन धन खाते और अन्य योजनाओं के लाभ पत्र वितरित करेंगे। इस केंद्र के जरिए लोग विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।

## पीएम मोदी को राजनीतिक चश्मे से देख रहे शंकराचार्य- नारायण राणे

**पालघर**

केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने शनिवार को कहा कि शंकराचार्यों को राम मंदिर के कुछ पहलुओं की आलोचना करने के बजाय अपना आशीर्वाद देना चाहिए। उन्होंने शंकराचार्यों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजनीतिक चश्मे से देखने का आरोप भी लगाया। राणे ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समाज और हिंदू धर्म को लेकर शंकराचार्यों को अपना योगदान बताना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा- 'अब तक ऐसा कोई नहीं कर पाया। मोदी और भाजपा ने इस मुद्दे को उठाया और मंदिर बनाया जा रहा है। क्या उन्हें मंदिर को आशीर्वाद देना चाहिए या इसकी आलोचना करनी चाहिए? इसका मतलब है कि शंकराचार्य प्रधानमंत्री मोदी को राजनीतिक चश्मे से देखते हैं।

## मिलिंद ने छोड़ी कांग्रेस, शिंदे गुट शिवसेना में शामिल

**मुंबई**

**पूर्व केंद्रीय** मंत्री मिलिंद देवड़ा ने रविवार सुबह कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। इसके बाद वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हो गए। दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से पूर्व सांसद मिलिंद दोपहर में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में एक कार्यक्रम के दौरान सत्तारूढ़ दल में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी।

**इस्तीफा देते हुए मिलिंद ने क्या कहा?**

मिलिंद देवड़ा ने लिखा कि 'आज वह अपनी राजनीतिक यात्रा के अहम अध्याय का अंत कर रहे हैं। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, साथ ही कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते का भी अंत कर रहा



हूं। मैं सभी नेताओं, सहयोगियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का उनके इतने सालों के समर्थन के लिए शुक्रगुजार हूं।'

**शिवसेना में शामिल होने के बाद क्या बोले?**

शिवसेना में शामिल होने के बाद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि ये मेरे लिए बेहद भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। आज मैं शिव सेना में शामिल हो गया। मुझे सुबह से बहुत सारे फोन आ रहे हैं कि मैंने कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता क्यों तोड़ा? मैं सबसे चुनौतीपूर्ण दशक के दौरान पार्टी के प्रति वफादार रहा। यदि कांग्रेस और यूबीटी ने रचनात्मक, सकारात्मक सुझावों और योग्यता, क्षमता को महत्व दिया होता, तो आज एकनाथ शिंदे और मैं यहां नहीं होते। एकनाथ शिंदे को एक बड़ा फैसला लेना पड़ा, मुझे एक बड़ा निर्णय लेना पड़ा। मिलिंद देवड़ा ने कहा कि वही पार्टी जो इस देश को रचनात्मक सुझाव देती थी कि देश को आगे कैसे ले जाया जाए, आज उस पार्टी का एक ही उद्देश्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, जो करते हैं, उसके खिलाफ बोलना। कल को अगर प्रधानमंत्री मोदी कहेंगे कि कांग्रेस बहुत अच्छी पार्टी है तो वे इसका भी विरोध करेंगे। मैं पॉलिटिक्स ऑफ गेन (ग्रोथ, एस्पीरेशन, इंक्लूजिविटी, नेशनलिज्म) में विश्वास करता हूं। मैं (पर्सनल अटैक, इनजस्टिस,नेगेटिविटी ) की राजनीति में विश्वास नहीं करता। उन्होंने कहा कि मैं नकारात्मक राजनीति में विश्वास नहीं करता। मैं लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखता हूं, लोगों को गाली देने, नकारात्मक राजनीति करने में मैं विश्वास नहीं करता। जिनके पास देश को आगे बढ़ाने के लिए कोई एजेंडा, कोई कार्यक्रम नहीं है, वे नकारात्मक बातें करते रहें।"

**एकनाथ शिंदे ने क्या कहा?**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज आपके मिलिंद देवड़ा मन में जो भावनाएं हैं, वही भावनाएं डेढ़ साल पहले मेरे मन में थीं। जब कोई निर्णय लेना होता है तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। मैं डॉक्टर नहीं हूं। डॉक्टर न होते हुए भी डेढ़ साल पहले ऑपरेशन किया, टांके भी नहीं लगाने पड़े और ऑपरेशन हो गया। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा। यह सिर्फ ट्रेलर है, फिल्म अभी बाकी है।

# बारा नायब तहसीलदार और पुलिस बल उल्टे पांव वापस लौटे

## काश्तकारों ने लगाई जान की बाजी

**अखंड भारत संदेश**





**कौंधियारा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जारी बाजार के पास एक पेट्रोल पम्प बन रहा है जिसमे पेट्रोल पम्प मालिक द्वारा तहसील दार को अवैध कब्जे के लिए बुलाया गया था जिसमे बारा के नायब तहसीलदार अपनी राजस्व टीम के साथ एचपी पेट्रोल पंप पहुंचे और कौंधियारा थाने की फोर्स को भी बुलाया अपने पद का दुर उपयोग करते हुए बिना किसी आदेश के जबरन अवैध तरीके से प्राइवेट जेसीबी के द्वारा जबरन पिलर को तोड़ने को कहा जिसमें किसानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर जेसीबी के सामने खड़े हुए कास्तकारों का कहना है कि ये बिना किसी आदेश के जबरन हमारा पिलर तोड़ रहे है। और आरोप लगाया की ये रिश्वत लेकर काम कर रहे। इनके पास तोड़ने का कोई लिखित आदेश नहीं है। ये पुलिस बल सहित जबरन पिलर तोड़ रहे है काश्तकारो और तहसीलदार के बीच 1घंटे तक कहा सुनी हुई और फिर कहीं जाकर तहसील दार को समझ आया फिर बिना आदेश के आये नायब तहसीलदार को उलटे पाँव वापस लौटना पडा कास्तकार खउइ मशीन के सामने खड़े होकर अपनी जमीन की रक्षा की।

### तहसीलदार और कौंधियारा पुलिस बल को वापस लौटना पड़ा

नेशनल हाईवे संख्या ३० पर जारी बाजार के करीब "स्रू' का पेट्रोल पंप ऋषि जायसवाल पुत्र ओम प्रकाश जायसवाल द्वारा निर्मित कराया जा रहा है उक्त पेट्रोल पम्प के दोनो तरफ ल्व्लँ के द्वारा बनाई गई नाली के बाद १८ फीट चौड़ी सर्विस लाइन गैर कानूनी ढंग से जबरजस्ती बनाई जा रही है कुछ भूमि धारको के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज मे याचिका दायर की गई जिसमे माननीय न्यायालय द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को कमेटी गठित करके जाच कराकर न्यायालय को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है किन्तु नायब तहसीलदार बारा श्री राकेश यादव जी पेट्रोल पंप मालिक के द्वारा अनैतिक लाभ लेकर कई बार दिनांक ३१-१२-२०२३ फिर ३-१-२०२४ और फिर आज दिनांक १३ -१-२०२४ को पुलिस बल के साथ जे सी बी के द्वारा बिना किसी लीगल नोटिस दिये बगैर भूमिधारको द्वारा निर्मित पिलर को जबरन तोड़ा गया भूमिधारको द्वारा मना करने पर मुकदमा पंजीकृत करवाने की धमकी दे रहे है जो की वीडियो मे साफ दिखाई और सुनाई दे रहा है माननीय उच्च न्यायालय के आदेशो की अवहेलना प उतारू है योगी राज मे जातिविशेष के अधिकारी द्वारा कानून को बदनाम करने के लिए ये कदम उठाया जा रहा है जो की पूर्णतया अवैधानिक है।

### भाजपा युवा मोर्चा भडेवरा मंडल की कार्यसमिति बैठक हुई सम्पन्न

**करछना** जिले के करछना तहसील अंतर्गत भडेवरा में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में आगामी चुनाव को लेकर चर्चा हुई साथ ही मंडल में जुड़े नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया साथ ही साथ कुशलता पूर्वक कार्य करने के लिए सभी पदाधिकारियों से अपील की गई भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा यमुना पार के भडेवरा मंडल की कार्यसमिति बैठक संपन्न की गई जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री जयव्रत सिंह वशिष्ठ अतिथि नरेश कुमार सोनकर जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी भडेवरा भाजपा युवा मोर्चा दिलीप केसरवानी मंडल अध्यक्ष नैनी भाजपा शिव तिवारी मंडल अध्यक्ष सोमेश्वर मंडल विकास पाण्डेय मंडल अध्यक्ष जी मंडल महामंत्री दुर्गेश पटेल जी कपिल तिवारी प्रबंधक सतीश तिवारी एडवोकेट सचिन केसरवानी त्रिशूल नाथ पटेल मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाठक मंडल उपाध्यक्ष निखिल तिवारी मंडल उपाध्यक्ष आनंद उपाध्याय मंडल मंत्री शशिकांत पटेल आलोक कुमार मंडल मंत्री एवं मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एडीओ पंचायत ने दो सफाई कर्मी के खिलाफ की कार्रवाई

### डीपीआरओ ने सफाई कर्मी अमित मिश्रा का किया स्थानांतरण,मांडा विकास खण्ड के जिम्मेदार अधिकारी ने नहीं किया कार्यमुक्त



**मांडा।** दो सफाईकर्मियों के खिलाफ एडीओ पंचायत मांडा ने नोटिस जारी करते हुए कार्यवाई के लिए जिले के अधिकारियों को अवगत कराया। शुक्रवार को भरारी द्वितीय गांव में तैनात सफाई कर्मी अजय मौर्या व सिरौठी गांव में तैनात धर्मराज पाल जिला मुख्यालय विकास भवन परिसर पर घूमते रहे। किसी ने उक्त दोनों सफाई कर्मचारियों का फोटो एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय के पास भेज दिया। एडीओ पंचायत ने दोनों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। एडीओ ने बताया बिना अनुमति दोनों कर्मचारी कार्यस्थल से नदारद रहे। कार्रवाई के लिए अफसरों को पत्र लिखा गया है। उधर मांडा ब्लॉक मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत गिरधरपुर के फाफी (गैर आवाद) में तैनात सफाई कर्मी अमित कुमार मिश्रा को मांडा ब्लॉक में निः शुल्क जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र आन लाइन कम्प्यूटर द्वारा संचालित करने के लिए रखा गया था कि उक्त सफाई कर्मी ने आवेदको से मनमानी शुल्क लेने पर डीपीआरओ प्रयागराज ने 5 जनवरी को मांडा ब्लॉक मुख्यालय से कोरांव ब्लॉक मुख्यालय के लिए स्थानांतरित कर दिया। लेकिन मांडा के जिम्मेदार अधिकारियो ने उच्चाधिकारियो के आदेश का अवहेलना करते हुए उक्त सफाई कर्मी को सफाई कार्य से मुक्त कर ब्लॉक मुख्यालय पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत किया गया है। जिसकी चर्चा सफाई कर्मियों के साथ क्षेत्रों में फैली हुई है।

# कलशयात्रा निकालकर दीपोत्सव मनाने का हुआ आह्वान



**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में सहसों में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा को सह जिला संघचालक गंगापार इंजीनियर बद्री सिंह की अगुवाई में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर सहसों बाजार, बाईपास, गोल चौराहा, झूंसी रोड लाला बाजार होते हुए पुनः श्री राम जानकी मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान आधुनिक वाद्ययंत्रों से प्रभु श्री राम के जयकारा लगाते हुए ध्वजा पताका के साथ सैकड़ों की संख्या में राम भक्त जय जयकार करते हुए सिर पर कलश लेकर आगामी 22 जनवरी की तारीख को जन-जन के राम सबके राम की आराधना, कीर्तन, पूजन के साथ 108 दियों को जलाकर दीपोत्सव मनाने का आवाहन किया। कलश शोभायात्रा में प्रमुख रूप से कैलाश चन्द्र केसरवानी, दिनेश चन्द्र केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, जयेश केसरवानी, प्रमोद कुमार गुप्ता, विष्णु दुबे स्वामी जी, दीपक द्विवेदी, सेठ सोहनलाल केसरवानी, प्रहलाद मोदनवाल, अमित जायसवाल, लल्ला गुप्ता, राजेश मौर्य, के. के. सोनी, पवन सिंह आदि शामिल रहे। इसी प्रकार दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर ग्राम सभा में कार्यक्रम संयोजक दीपक द्विवेदी एवं प्रांत युवा प्रमुख स्वामी जी के अगुवाई में पुजित अक्षत, श्री राम मंदिर चित्र एवं पत्रक का वितरण बूथ अध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी के घर से प्रारंभ कर हर घर में बांटते हुए सभी राम भक्तों से 22 जनवरी को अपने अपने घरों को अयोध्या मान कर 108 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रिंशु तिवारी, संतोष तिवारी, अनिकेत तिवारी, हर्षित त्रिपाठी, अंकित तिवारी, मोनू ,राजेश, रिंकू शाहिद आदि राम भक्त उपस्थित रहे।

## करछना के गांवों में अयोध्या धाम पूजित अक्षत कलश यात्रा में सांसद डॉ रीता बहुगुणा ने की अगुवाई



**करछना** करछना क्षेत्र के खाई गांव से चलकर आधा दर्जन गांवों की मंदिरों में अयोध्या धाम पूजित अक्षत कलश यात्रा के साथ सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने शुरुआत की कार्यक्रम की। शुरुआत खाई से होते हुए अंतहिया ,बस्तर ,देवरी, होते हुए गांव-गांव मंदिरों एवं गलियों में जय घोष के साथ डीजे की धुन पर राम की झांकी के साथ सांसद महोदय ने नेतृत्व कर कलश यात्रा को आगे बढ़ाया जय श्री राम के उद्घोष के साथ शुरुआत खाई गांव से सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कलश यात्रा में शामिल होकर पूरे क्षेत्र नगर में पैदल गांव गांव जाकर गांव में स्थापित मंदिरों पर कलश यात्रा के साथ पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया समापन कचरी गांव में प्रधान धर्मराज पटेल कचरी प्राथमिक विद्यालय पर भंडारे में जाकर तब्दील हुआ जहां पर कलश यात्रा में शामिल लोगों को प्रसाद वितरित कर समापन किया गया इस मौके पर डॉ रीता बहुगुणा जोशी सांसद प्रयागराज , ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडे , राजेश शुक्ला , प्रदीप पांडे, आशीष पांडे विष्णु शुक्ला विजय शंकर तिवारी मिथिलेश द्विवेदी संतोष मिश्रा राजा तिवारी मोहनलाल मिश्रा मनोज मिश्रा रामबाबू पटेल शिव बालक मिश्रा अनूप मिश्रा विजय शंकर गुप्ता डॉक्टर योगेश कुमार सिंह संदीप शुक्ला अजय शुक्ला अजय कुमार प्रधान प्रतिनिधि देवरी कला आदि बड़ी में ग्राम वासी यात्रा में शामिल रहे।

# यमुनापार में जरूरत मंदो की सेवा के लिए हमेशा रहूंगा तत्पर : डा संगम मिश्र

## बारा के चितौरी गांव में दलित पिछड़ा एवं ब्राह्मण महासम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रयागराज।** बारा विधानसभा के चितौरी ग्राम में भाजपा जसरा मंडल के अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल द्वारा आयोजित दलित, पिछड़ा एवं ब्राह्मण महासम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र ने कहा मेरे द्वारा यमुनापार की जनता के लिए विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। जमुना पार के लोगों के लिए स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को आंख के चश्मा एवं दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। जाड़े की मौसम को देखते हुए बड़ी संख्या में गर्म कपड़े कंबल,स्वेटर एवं टोपी का वितरण लगातार किया जा रहा है। डॉ संगम मिश्र ने कहा जरूरतमंदों की सेवा के लिए मैं 24 घंटे उपलब्ध रहता हूं। आप सबको कभी भी किसी भी प्रकार की कठिनाई हो,आप मुझे सूचित करें।मैं स्वयं आकर उन कठिनाइयों में आपका भाई बनकर सहयोग करूंगा या अपने कार्यकताओं को आपका सहयोग करने के लिए भेजूंगा। डॉ संगम मिश्र ने कहा मेरा एक ही लक्ष्य है,जमुना पार की जनता के दुख सुख में सदैव उनके साथ उपस्थित रहना एवं जिस भी प्रकार से हो सके उनकी मदद करना। डॉ संगम मिश्र ने उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड व समाजसेवी आयुष्मान कार्ड आदि सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से जनता को हो रहे लाभ से लोगों को अवगत कराया। डॉ. संगम मिश्र ने कहा इस क्षेत्र में लोगों को सड़क, पानी, नाली एवं आवारा पशुओं से हो रही कठिनाइयों की जानकारी है। उक्त समस्याओं से संबंधित जो भी शिकायतें मेरे पास आ रही हैं। उस विषय के समाधान हेतु उच्च अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास कर रहा हूं।

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि दिलीप शुक्ल ने डॉ संगम मिश्र द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के विषय में जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष भाजपा जगत नारायण शुक्ल ने डॉ संगम मिश्र को इतनी बड़ी संख्या में कंबल स्वेटर टोपी बांटने पर धन्यवाद दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा जाड़े के मौसम में गर्म कपड़े यमुना पार में बड़ी संख्या में बटवा कर आपने दलिद्र नारायण भगवान की सेवा की है। भगवान इसका आशीर्वाद आपको अवश्य देंगे।मंच का संचालन करते हुए शंकरदेव त्रिपाठी ने संसदीय क्षेत्र में डॉ. संगम मिश्र द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की पूरे यमुनापार क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंपों में हजारों लोगों को आंखों का चश्मा एवं दवाइयां लगातार वितरित की जा रही हैं। पूरे यमुनापार क्षेत्र में शोषित,वंचित एवं जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम के संयोजक राजाराम चौधरी ने आए हुए लोगों से अपील है,कि लोकसभा 2024 के चुनाव में डॉ संगम मिश्र को भारी से भारी मतों से वोट देकर आप लोग विजय बनाएं। चितौरी में आयोजित दलित,पिछड़े एवं ब्राह्मण समाज के इस महासम्मेलन में जमुनापार क्षेत्र के कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।जिसमें मुख्य रूप से भूपेंद्र पाठक महामंत्री भारतीय जनता पार्टी,राजा बाबू पाठक, दिलीप शुक्ल,राजाराम चौधरी,बजरंग बहादुर सिंह, एसके तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल अकादमी प्रयागराज,उदित नारायण विजय सिंह,अमरेश मिश्र, एसपी तिवारी एवं सत्यम निषाद आदि बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सपा नेता एवं पूर्व जिपं सदस्य दिनेश के निधन पर शोक



**मांडा।** क्षेत्र के राजापुर मांडा गांव निवासी वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश पासी (45) का रात्रि में लगभग पौने दस बजे आकस्मिक निधन हो गया। सपा नेता के निधन की सूचना पर सपाईयों में शोक की लहर दौड़ गई। और रविवार को सपा विधायक मेजा संदीप सिंह पटेल,जिलाध्यक्ष पप्पू निषाद, जय शंकर भारतीय, प्रेम शंकर पटेल, गीता पासी,कमलेश यादव ने परिजनों के साथ नम आंखों से अन्तिम संस्कार के लिए महेवा गंगा घाट पर ले जाया गया। वही सपा नेता के निधन पर सपाईयों ने शोक जताया और उनके आत्मा शांति के लिए ईश्वर से अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान देने कि प्रार्थना की एवं अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर तांता लगा रहा।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की मौत

**मांडा।** थाना क्षेत्र के दिधिया पुलिस चौकी अंतर्गत धरांवगजपति ग्राम पंचायत के आहोपुर नेवढ़िया गांव निवासी संजय उर्फ गुड्डू मिश्रा (४५) पुत्र राम शंकर मिश्रा शुक्रवार शाम पांच बजे सब्जी लेने दिघिया सब्जी मंडी पैदल निकले थे। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर घर वालों ने हर जगह ढूंढा, लेकिन पता नहीं चला। सुबह लगभग आठ बजे ग्रामीणों ने सूचना दिया कि प्रयागराज मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल में दिघिया पुलिस चौकी से सौ मीटर दूर युवक का शव पड़ा है। सूचना पर तमाम ग्रामीण व रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसआरयन प्रयागराज भेज दिया। युवक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। युवक को तीन बेटियां एवं एक बेटा है। किसी अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की मौत हुई है।

### दुराचार अभियोग में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेजा।** थानाध्यक्ष मेजा के कुशल नेतृत्व में थाना मेजा में पंजीकृत मु0अ0सं0 565/23 धारा 376(2ठ)/506 भा0द0वि0 व 5छ/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त प्रदुम उर्फ प्रदुम्न पुत्र मुंशीलाल निषाद नि0 भटौती सपहा थाना मेजा प्रयागराज को मेजा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

## गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा छतवा गांव में आयोजित हुआ अक्षत वितरण कार्यक्रम

**मेजा।** गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रविवार को विकास खंड उरुवा के छतवा ग्राम में अक्षत वितरण का कार्यक्रम रखा गया और लोगों से संपर्क कर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और हवन पूजन करने के लिए लोगों से अपील की गई। संकल्प यात्रा टीम में संघ के यमुनापार संचालक सुरेंद्रनाथ पांडेय के अलावा लल्लू मिश्रा, कृपाशंकर एडवोकेट, शिवम मिश्रा, सुरेश चंद्र मिश्रा, बच्चा मिश्रा, अंकित मिश्रा, अमित कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### हरे राम सेवा संस्थान ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**प्रयागराज।** हरे राम सेवा संस्थान ने बीते दिन प्रयागराज में एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसका आधार राष्ट्र और सनातन धर्म के मूल्य थे। इस कैंप के माध्यम से संस्था ने स्थानीय जरूरतमंदों को निः शुल्क आंख, नाक, कान की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं। संस्था के संस्थापक अनंत सिंह जेलियांग, असिस्टेंट प्रोफेसर, सीएमपी डिग्री कॉलेज, ने इस कार्यक्रम की अगुआई की और कहा कि हमारा उद्देश्य है सामाजिक सेवा के माध्यम से स्थानीय जनता को स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना, साथ ही हम सनातन धर्म के मूल्यों का भी पालन कर रहे हैं। इस कैंप में आंख, नाक, कान के चिकित्सक और फिजियोथेरेपिस्ट समेत विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे जो निर्देशन और सहायता प्रदान कर रहे थे। साथ ही, दवा और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं निः शुल्क उपलब्ध की गईं। डॉ ए के सिंह, डॉ अरविंद चौधरी, डॉ मुहम्मद ताजीम सिद्धिकी, डॉ महर्षि नारायण, डॉ दीप जोशी, डॉ प्रशांत गुप्ता, डॉ एन सी अग्रवाल,जितेंद्र गुप्ता,शिवनंदन गुप्ता, नागेन्द्र सिंह का साथ रहा। इस पुनीत कार्य में अनुराग संत,प्रशांत सिंह, संजय गुप्ता, अंकुज, अंकुर रौनियार, रोहित शर्मा, अभिषेक द्विवेदी, मनदीप, दिलीप मौर्य, विवेक पाण्डेय,शांतनु मिश्रा, अमित मिश्रा, हर्ष राय, अंशु सिंह, अरुण, प्रत्युष सिंह, प्रीतेश राय, गौरव ओझा, सौरभ पाण्डेय, धर्मेंद्र यादव, राज मिश्रा का अतुलनीय योगदान रहा।

# विकसित संकल्प यात्रा टीम मदरहा गांव पहुंची लोगों को सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**मेजा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मदरहा गांव में जन संपर्क के दौरान माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यशस्वी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा चलाया गए दीनदयाल उपाध्याय योजना , राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन - प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना ,जनधन योजना जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन दिव्यांग पेंशन कन्या सुमंगला योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि मनरेगा योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आयुष्मान भारत कार्ड योजना सब के बारे में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि मदरहा ने जनसंपर्क के दौरान लोगों के बीच चर्चा किया और और यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के बारे में चर्चा किया और लोगों को उनके कार्यभार के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। जनसंपर्क दौरान भाजपा नेता व मदरहा गांव प्रधान प्रतिनिधि अवनीश कुमार मिश्र के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आशीष शुक्ला विद्या कांत मिश्र कमल मिश्र के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अरैल : मकर संक्रांति पर सूरक्षा के कड़े इंतजाम प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही तैनात



**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर माघ मेला 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पहला स्नान पर्व है जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालु संगम और गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे है। मकर संक्रांति भले ही 15 जनवरी को है लेकिन परंपरागत तरीके से 14 जनवरी को संगम में स्नान करने की परंपरा बनी हुई है। इस वजह से लोग रविवार की भोर से ही घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बावजूद संगम में स्नान करने के लिए मेला क्षेत्र में पहुंच रहे है??। मेला प्रशासन और पुलिस की तरफ से भी 14 और 15 जनवरी दोनों दिन के स्नान को लेकर व्यापक स्तर पर सभी इंतजाम किए गए हैं। अरैल घाट पर लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में प्रशासन लगी रही वहीं एसीपी करछना उप जिलाधिकारी करछना एवं नैनी थाना कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह के निर्देश पर एसपीओ टीम के सभी जवान शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासन के साथ सेवा में तत्पर होकर मकर संक्रांति के पर्व को संपन्न कराने में जुटे रहे। नैनी अरैल घाट पर भीड़ को देखते हुए प्रशासन के साथ विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली टीम का नेतृत्व करते हुए अरैल घाट पर अपनी सेवा प्रदान करने में लगे रहे। इस दौरान विशेष पुलिस अधिकारी के नवनिर्वाचित मेला प्रभारी राम जी जायसवाल अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुबह से ही मेला क्षेत्र अरैल घाट पर मौजूद रहे। इस दौरान प्रदीप कुमार, राकेश सोनकर, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, मो फिरोज आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### बालिकाओं की आधुनिक शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है सरकार : प्रणव




**प्रयागराज।** आज भाजपा सरकार बालिकाओं को सुशिक्षित बनाकर समाज को मजबूत बनाते हुए राष्ट्र के विकास में उनके बराबर सहभागिता को सुनिश्चित कर रही है ' सरकार के द्वारा इस क्षेत्र में किए जाने वाले हर एक कदम सराहनीय हैं, महिलाओं की सुरक्षा के मामले में हो या शिक्षा के मामले में हो या उनको बराबर का अधिकार देने के मामले में बात की जाए वर्तमान सरकार ने सभी बिंदुओं पर बड़े ही सराहनीय कार्य किए हैं। ऐसे में आज महावीर सुमित्रा महिला महाविद्यालय कि विद्यार्थी बहनों को टेबलेट वितरण करना उन्हें योजनाओं का हिस्सा है निश्चित तौर पर इनका सदुपयोग कर डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए आपका योगदान महत्वपूर्ण होगा आज भारत नई तकनीकी की ओर बढ़ रहा है ऐसे में महिलाओं के शिक्षा के बिना भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का सपना अपूर्ण ही माना जाएगा ' यह बातें भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी महावीर सुमित्र महिला महाविद्यालय बजहां मिश्रान सैदाबाद मैं बतौर मुख्य अतिथि कही ' कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन मल्यार्पण एवं पूजन के साथ प्रारंभ हुआ. महाविद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया ' स्नातक की विद्यार्थी बहनों को टेबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे गोपी कृष्ण जी ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं के आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है ऐसे में आप सबको भी अपना बेहतर करके दिखाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉक्टर अरुण दुबे अरविंद त्रिपाठी संदीप मौजूद रहे।

### घर घर पहुंचे भाजपाई राम मंदिर उद्घाटन का दिया निमंत्रण



**जसरा।** रविवार को जसरा बाजार में राम भक्तों ने गाजे बाजे के साथ घर घर जाकर अक्षत और पत्रक देते हुए आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर लोगों से दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया। प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत प्रारंभ कर दिया जायेगा 125 कलशों से दिव्य स्नान कराते हुए मृगशिरा नक्षत्र में भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना की जायेगी। जसरा बाजार के समाजसेवी लल्ला केसरवानी के घर से डीजे के साथ निकले राम भक्त जहा बाजार के ही वरिष्ट समाजसेवी राजू केसरवानी ने फूल मालाओं से स्वागत किया तो वही जसरा रेलवे फाटक पर शंभु नाथ खरे ने पुष्प वर्षा की। यात्रा में प्रमुख रूप से विभव नाथ भारती, कमलेश त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, राजा बाबू पाठक, जगत नारायण शुक्ला, एस के त्रिपाठी,शंकरदेव त्रिपाठी,नीरज केसरवानी, भूपेन्द्र पाठक,प्रधान जसरा आशीष सोनकर, राम केसरवानी, आलोक पाठक, निधिश पाठक, वीरेंद्र पाठक, आकाश केसरवानी, बच्चा मालवी, दीप चंद गुप्ता, शिव मोहन पाल, रमेश केसरवानी, शिव पूजन केसरवानी, राकेश पाठक, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### टूटे पोल व जर्जर तार के जीर्णोद्धार का कार्य जोरों पर



**कौंधियारा** क्षतिग्रस्त बिजली पोल और जर्जर तार से निजात देने के लिए जारी उपकेंद्र से सम्बंधित ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटेनेंस का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। जारी उपकेंद्र के अंतर्गत बिजली सुधार के लिए विभाग में मेगा अभियान चलाया जा रहा है ।जारी उपकेंद्र के अवर अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि जनवरी माह में जारी में जर्जर तार और जर्जर पोल शुद्धिकरण का कार्य जोरों पर चल रहा है जिसमें की विद्युत व्यवधान जो भी आ रही है उसमें क्षेत्र की जनता सहयोग करें ताकि गर्मियों में अच्छी लाइट की व्यवस्था सुचारू रूप से दी जा सकें। योजना के अंतर्गत लगभग 50% कार्य जारी उपकेंद्र के अंदर हो भी गए हैं। इस जनवरी माह में मरम्मत और सुधार का कार्य जोरों पर किए जा रहे हैं। साथ ही जारी बाजार में विधुत चोरी कों रोकने हेतु आर्मर्ड केबिल और मीटर लगाने का कार्य भी जोरो पर हो रहा हैं।

### फोटो स्टूडियो का ताला तोड कर लाखों की चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरों ने एक स्टूडियो का ताला तोड कर कम्प्यूटर, बैटरा, फोटो स्टेट मशीन, कैमरा लेजर प्रिंटर सहित लगभग लग भग चार लाख रुपये का सामान चुरा ले गए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में रविवार को एक युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के रमना मानी उमरपुर गांव निवासी कुलदीप पुत्र फतेहबहादुर क्षेत्र के सरपताही नहर पर एक बडी सी इलेक्ट्रॉनिक और फोटो स्टूडियो की दुकान खोले हुए है। बताया गया है कि गांव के एक युवक से कुछ दिन पूर्व कहासुनी हो गई थी। कुलदीप का आरोप है कि बीती रात चोरों से मिलकर उक्त युवक उसकी दुकान का ताला तोड कर दो कम्प्यूटर, इन्वाइट बैटरा,लेजर प्रिंटर,फोटो कापी मशीन, वीडीयो,कैमरा आदि लगभग चार लाख रुपए की चोरी कर लेगए। दुकानदार कुलदीप ने युवक को नामजद करते हुए चोरी की तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर प्रकरण की जांच कर रही है।

## मऊआइमा की मालकिन किन्नर मुस्कान ने शनि देव मन्दिर का स्थापना की



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना पडाव चौराहे पर स्थित थाना मन्दिर के पास रविवार को मऊआइमा गद्दी की मालकिन किन्नर ने आज उद्घाटन किया। इस अवसर पर बडी संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रही।

# इंटर स्टेट गांजा तस्कर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़ आठ सदस्य गिरफ्तार

## नैनी पुलिस ने एसओजी यमुनानगर और एसटीएफ लखनऊ के साथ संयुक्त कार्यवाई की

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली पुलिस ने एसओजी यमुनानगर और एसटीएफ लखनऊ के साथ मिलकर रविवार को नैनी के मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कर्मचारी बीमा अस्पताल के पास से दो संदिग्ध कार में छुपा कर ले जाया जा रहा करीब 80 किलो गांजा बरामद कर लिया। इस दौरान गांजा तस्कर गिरोह के आठ सदस्यों को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सूत्र के अनुसार गांजा तस्कर काफी समय से बिहार प्रांत से तस्करी से गांजा उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में सप्लाई कर रहा था। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह कोतवाली निरीक्षक यशपाल सिंह की नेतृत्व में एसओजी यमुनानगर और एसटीएफ लखनऊ के सदस्यों ने कर्मचारी बीमा अस्पताल के पास जाल बिछाया। बताया जाता है कि कुछ ही देर बाद फर्जी नंबर प्लेट से युक्त दो कार को टीम ने रोकने का संकेत दिया। पुलिस टीम को देखते ही उसमें मौजूद तस्कर गैंग के सदस्यों ने भागने की कोशिश की। लेकिन सजग टीम ने उन्हें मौके से ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों गाड़ियों में पांच बोरियों में रखा करीब 80 किलो गांजा पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने गांजा तस्कर गिरोह के सदस्यों में क्रमश अभिषेक कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी रियाकला थाना कुम्हेर जिला भरतपुर राजस्थान, सुमित पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी बबीन थाना कुम्हेर जिला भरतपुर राजस्थान, भीमसेन पुत्र नन्हे सिंह निवासी बीरपुर थाना नवाबगंज जिला फरुर्खाबाद , सोमवीर उर्फ सोनू पुत्र भोलाराम निवासी बेगमपुर थाना फराह जिला मथुरा, विमलेश पुत्र प्रकाश निवासी सादुलीपुर थाना शाहबाजपुर जिला हरदोई , मंटू सिंह चौहान पुत्र नारायण सिंह निवासी जूनियर थाना केकडी जिला अजमेर, संदीप कुमार पुत्र हरबक्श निवासी अनुवा नई बस्ती थाना पंचदेवरा जिला हरदोई तथा राजाराम चौधरी पुत्र अमरावती सिंह निवासी गेगा थाना दूदू जिला दूदू राजस्थान शामिल है। तस्कर गैंग का पदार्फाश करने वाली टीम में नैनी कोतवाली के इंस्पेक्टर यशपाल सिंह उप निरीक्षक मसीद खान एसओजी प्रभारी यमुनानगर उपनिरीक्षक रणजीत सिंह कांस्टेबल अनूप पाल कांस्टेबल इंद्रजीत सिंह कांस्टेबल आकाशदीप सिंह कांस्टेबल सिद्धेश्वर पांडे कांस्टेबल अनुराग यादव कांस्टेबल रंजीत यादव कांस्टेबल मनोज कुमार के साथ एसटीएफ लखनऊ के हेड कांस्टेबल नीरज कुमार मिश्रा हेड कांस्टेबल विजेंद्रनाथ राय हेड कांस्टेबल प्रभात कुमार कांस्टेबल अमित यादव आदि मौजूद रहे।





## न्यूज झरोखा

### नैनी की वैष्णवी व सनीय का चयन 67 वीं राष्ट्रीय विद्यालय बालिका हैंडबॉल उत्तर प्रदेश टीम में



**नैनी।** नैनी आगामी 16 जनवरी से 21 जनवरी तक मध्य प्रदेश के सुजानपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल। यू - 17 बालिका प्रतियोगिता हेतु नैनी प्रयागराज हैंडबॉल संघ से सानिया शर्मा एवं वैष्णवी दीक्षित का चयन किया गया है उक्त सूचना प्रदेश सचिव परविंदर सिंह ने जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दिया उक्त प्रतियोगिता हेतु टीम मध्य प्रदेश के लिए रवाना होगी जहां वैष्णवी डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज नैनी व सानिया मां शारदा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी की छात्रा हैं तथा वैष्णवी एवं सानिया के चयन पर प्रयागराज हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी डीके मिश्रा रविंद्र मिश्रा रंजना सिंह सोनम सिंह क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह उप क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद प्रयागराज प्रधानाचार्य दन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना खेल सचिव श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज घाटवा प्रधानाचार्य अग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज प्रधानाचार्य क्रॉस वेट गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज प्रधानाचार्य डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज नैनी प्रयागराज व प्रधानाचार्य मां शारदा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी प्रयागराज ने हार्दिक बधाई दी।

### पीएम के अपील पर अरैल में सफाई अभियान चलाया गया



**नैनी।** नैनी अरैल में मकर संक्रांति के अवसर पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अपील पर नैनी अरैल स्थित बेनी माधव मंदिर परिसर को स्वच्छता के अंतर्गत साफ सफाई करते संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज सामाजिक कार्यकर्ता बाबूजी यादव मंदिर के महंत पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी वरिष्ठ आचार्य कमलाकांत त्रिपाठी सरदार पदविंदर सिंह मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संयोजक सुनील विश्वकर्मा महामंत्री उमेश सेन आदि भाजपा कार्यकताओं के द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की गई।

### दारागंज ने शाहजी का पुरवा को हराया 15 रन से



**नैनी।** नैनी जेल रोड के समीप जमीर अहमद क्रिकेट टूनार्मेंट का पहला मैच रविवार को खेला गया। उद्घाटन क्रिकेट मैच दारागंज और शाह जी पुरवा के बीच हुआ खेला गया। जो कि दारागंज ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 61 रन का टारगेट दिया। वही जवाब में शाह जी पुरवा की टीम ने 10 ओवर में 46 रन ही बना पाई। उद्घाटन क्रिकेट मैच दारागंज ने जीत हांसिल की। जमीर एहमद क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मे मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद शारीक, मोहम्मद जमीर अहमद सिद्दकी, पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल और रणनविजय (डब्बू) उपस्थित रहे। इस मौके पर कमेटी के सदस्य मोहम्मद असद, मोहम्मद जैद, आसिफ हाश्मी, मारूफ अहमद(तबरेज), कलीम अख़्तर, मोहम्मद अशरफ, प्रिंस, अजहरुद्दीन(सेबू), मोहम्मद फैज, अजहर अली, मोहम्मद हमजा आदि लोग मौजूद रहे।

### संस्कार व समर्पण से भारत देश बना हुआ है



**झूंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झूंसी उत्तर भाग द्वारा रविवार को तुलापुर में मकर संक्रांति उत्सव एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक काशी प्रांत रमेश ने कहा कि यह देश पर्वों का है। यहां पर संस्कृतियों का समावेश जन-जन में बसा हुआ है। उन्होंने कहा कि राम हमारे आदर्श हैं। उनका पूरा परिवार समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। संस्कार व समर्पण से भारत देश बना हुआ है। हमारे प्रभु राम सत्य हैं। राम सबके हैं राम सब में हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर मातृ शक्ति का स्थान सर्वोच्च है। विदेशी आक्रांताओं के षड्यंत्र से देश फंसा हुआ था। जो आज निकलकर बाहर आ चुका है हिंदू संगठन जब तक एक नहीं होगा। तब तक भारत परम वैभव को प्राप्त नहीं कर सकता। आरएसएस इस देश के वरदान के रूप में है। मकरसंक्रांति पर्व पर सामाजिक समरसता को मजबूत करने का काम किया जाता है।

### रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल के सदस्यों को दी गयी सीपीआर व अन्य जीवन रक्षक प्रा. उपचार की जानकारी

**प्रयागराज।** ए एन सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल,उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज स्टेशन पर सम्मेलन के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुसरण में श्री विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज के निर्देशन में शिव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल,पोस्ट प्रयागराज द्वारा प्रिम रोज शिक्षा संस्थान करेली प्रयागराज के प्रबंधक श्री फरहान आलम एवं उनकी टीम द्वारा प्रयागराज स्टेशन पर बुलाकर सुरक्षा बंदोबस्त में आए रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल के बल सदस्यों को माघ मेला 2024 के दौरान किसी यात्री एवं श्रद्धालु को आवश्यकता पड़ने पर बेहोशी के दौरान होश में लाने, अचेत यात्री को अचानक हृदयघात होने पर सीपीआर किस प्रकार दिया जायेगा ,किसी यात्री को आंतरिक रक्त स्त्राव होने पर रक्त स्त्राव को पहचान कर उसे रोकने एवम हेड इंजरी मे रक्त स्त्राव होने पर व अन्य दुर्घटनाओं में होने वाले फर्स्ट एड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान कुछ बल सदस्यों से उनके सहयोगी बल सदस्यों को काल्पनिक रूप से बीमार यात्री अथवा श्रद्धालु बनाकर सीपीआर एवं अन्य प्राथमिक उपचार दिये जाने की जानकारी दी गई' कार्यक्रम में संस्था से शिवम दुआ,नीतीश शुक्ला,समर आलम उपस्थित रहे' इसकी सुचना प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के मीडिया इंचार्ज गुफरान खान द्वारा दिया गया है।



## हाईकोर्ट समाचार

#### पुलिस कांस्टेबल भर्ती की आयुसीमा में छूट का मामला

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती बोर्ड से जवाब तलब किया, याचिका में 5 साल की आयु में छूट देने की मांग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 60244 पदों की पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2023 की आयु सीमा में पांच वर्ष छूट की मांग में दाखिल याचिका पर राज्य सरकार और पुलिस भर्ती बोर्ड से जवाब मांगा है। याचिका में 5 सल की आयु में छूट देने की मांग की गई है।यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने जयप्रकाश व अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडेय को सुनकर दिया है। याचिका के अनुसार 60244 पदों की उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती 2023 की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी गई है। जबकि यह भर्ती पांच वर्ष बाद आई है। यह भी कहा कि पूर्व में राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में मनीष कुमार बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में दाखिल हलफनामे में हर वर्ष आरक्षी भर्ती आयोजित करने की बात कही थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। पांच साल के लंबे अंतराल के कारण कई अभ्यर्थी ओवरएज हो गए हैं। एडवोकेट अनिरुद्ध पांडेय ने कहा कि इससे संविधान के मौलिक अधिकार लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता का उल्लंघन होता है। सरकार द्वारा नई भर्ती में खेल कोटे से आरक्षी भर्ती व दरोगा भर्ती में पांच वर्ष की छूट दी गई है। ऐसे में कांस्टेबलभर्ती की आयुसीमा में भी पांच वर्ष की छूट दी जानी चाहिए।

### प्रयागराज के गोबरा हेबार समेत 13 स्थानों पर होगी चकबंदी

**बारा।** प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के 13 गांवों में चकबंदी की स्वीकृति प्रदान की है। दो चक्र में होने वाली चकबंदी में बारा तहसील का गोबरा हेबार गांव भी शामिल है। इसके अलावा फूलपुर के हटिया, बटबंसी उर्फ पूरे बिहारी, हंडिया के काजीपुर साथर, धोबहा, सोरांव के रैया और कोरांव के अमिलिया पाल, घोरी, मानपुर, सिरावल टप्पा डैय्या, खिवली कला, पैंतिहा और बलापुर में दो चक्रों में चकबंदी कराई जानी है। अपर मुख्य सचिव ने चकबंदी आयुक्त को प्रयागराज समेत सूबे के अन्य स्थानों पर शासनादेश के अनुसार चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया है। चकबंदी का का? सूबे के कुल 444 ग्रामों में किया जाना है। बारा विधायक डा. वाचस्पति ने बारा तहसील क्षेत्र के गोबरा हेबार में चकबंदी की संस्तुति किए जाने पर खुशी जाहिर की है। गोबरा हेबार की चकबंदी प्रक्रिया पिछले तीन साल से लंबित चल रही थी। स्थानीय लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देने के लिए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि वर्ष 2017 के बाद बारा में दो सड़कों को लोनिवि में अधिग्रहीत करवाया जा चुका है। यह सड़कें गोबरा हेवार और अंतरी कसौटा पूरे बघेल में हैं। इसके अलावा जनहित को देखते हुए शंकरगढ़ की दोनों रेलवे क्रासिंग व घूरपुर रेलवे क्रासिंग पर जाम से निजात के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण और जूही फीडर के लिए प्रयास जारी है।

## रामलला के स्वागत में शुरू हुआ सफाई अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले स्वच्छता अभियान को हरी झंडी दी गई। आज रविवार को प्रयागराज के विभिन्न मंदिरों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सफाई की गई। वहीं डॉक्टरों ने भी हाथों में झाडू थामा और बेली अस्पताल परिसर में साफ सफाई की। फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल ने सलोरी में स्थित बाबा गंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसी तरह प्रत्येक मंडलों में पड़ने वाले मंदिरों में भाजपाईयों की टोली पहुंचकर साफ सफाई की।खुल्दाबाद मंडल की महामंत्री अपूर्वा चंद्रा की अगुवाई में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने मंदिर में साफ सफाई की। जय श्रीराम के नारे भी लगाए गए। इसी तरह वेणी माधव मंडल की अध्यक्ष स्वारिका भारद्वाज व उनकी टीम ने लोहा पार्क के शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। शिवकुटी के बड़ी बगिया में दुर्गा मंदिर में सफाई की गई और यहां पूजन व कीर्तन भी किया गया। मंडल अध्यक्ष कंचनलता समेत अन्य महिलाएं शामिल रहीं।



### अफसरों व संतों ने की सफाई

मेला क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान जी के मंदिर पर संतों व अफसरों ने झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, मेला अधिकारी (माघ मेला) दयानंद प्रसाद, अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी समेत कई प्रबुद्ध संत शामिल रहे। यहां महानिवार्णी अखाड़ा के यमुना पुरी महाराज व बलबीर गिरि ने भी श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर के बाहर झाडू लगाई तथा आमजन को प्रेरित करते हुए माघ मेले को प्लास्टिक फ्री बनाने में सहयोग देने की अपील की।






## 194 पाइप के साथ यूपी, बिहार और हिमाचल निवासी 21 चोर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

### हर घर जल परियोजना की लोहे की पाइप प्रयागराज और लखनऊ से बरामद

**बारा।** एसओजी यमुनानगर और बारा थाने की संयुक्त टीम ने 21 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यूपी, बिहार और हिमाचल प्रदेश के रहने वाले इन चोरों के कब्जे से 194 लोहे की पाइप बरामद हुई है। बरामद पाइप हर घ? जल परियोजना से संबंधित है। इसके अलावा एक मालवाहक भी बरामद किया गया है। बारा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि एसओजी (यमुनानगर) व थाने की संयुक्त टीम ने धारा 379 के मामले में 17 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी बीती रात क्षेत्र के ग्राम परसरा से की गई। इनकी निशानदेही पर हर घर जल परियोजना की चुराई गई 143 लोहे की पाइप व डीसीएम ट्रक बरामद हुआ। इसके बाद अभियुक्त राहुल यादव की निशादेही पर सरोजनीनगर (निमार्णाधीन जल निगम टंकी के बगल आर्यन ट्रेडर्स की गली गोरी बिहार), लखनऊ से चार अभियुक्तों को दबोचा गया। उनकी निशानदेही पर 51 लोहे की पाइप बरामद हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में बारा प्रभारी विनोद कुमार, इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान, एसआई अखिलाश कुमार, गयाप्रसाद, सतीश साहू, सत्यपाल यादव, एसओजी (यमुनानगर प्रभारी रणजीत सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

**प्रयागराज और लखनऊ से इनकी हुई गिरफ्तारी :** मनोज गुप्ता पुत्र स्व. रामदास गुप्ता (निवासी ग्राम छकानू, थाना सिविल लाइन बदायूँ)। राजा पटेल पुत्र स्व. दयाराम पटेल (ओंग, फतेहपुर)। कुलदीप महेश्वरी पुत्र लालाराम (सिलेरी, सहसवान, बदायूँ)। राजेश चौधरी पुत्र बैजनाथ चौधरी (नोयडा, सेक्टर 5, गली 2, गौतमबुद्धनगर)। विकास पुत्र जगपाल सिंह (बिलांदापुर, रौजा, शाहजहांपुर)। विकास पंवार पुत्र अनिल कुमार (दोघट, बागपत)। अनूप तिवारी पुत्र स्व. रामानंद तिवारी (ग्राम लक्ष्मनपुर, मिजार्पुर, शाहजहांपुर)। शंभू चौधरी पुत्र बैजनाथ चौधरी (ग्राम बासुकी बिहारी, मघवापुर, मधुवनी (बिहार)। दुर्गेश शर्मा पुत्र रामकिशोर शर्मा (पूरनमऊ, मल्लावां, हरदोई)। सिकंदर पुत्र राजकुमार महतो (बरौनी, बेगूसराय, बिहार)। प्रवीण कुमार पुत्र पूरन सिंह (नलौटी, ज्वालाजी, कांगणा, हिमाचल प्रदेश)। सुड्डु कुमार पुत्र रवींद्र सिंह (कुचगांव, वारसलीगंज, नवादा बिहार)। बृजेश कुशवाहा पुत्र रामआसरे (पूरनमऊ, मल्लावा, हरदोई)। राममोहन निषाद पुत्र श्रीराम निषाद (केवटरा बांगर, मूसानगर, कानपुर देहात)। विजय बहादुर गौतम पुत्र अर्जुनराम (उमरी, महाराजगंज, जौनपुर)। राहुल यादव पुत्र उदयराज यादव व अरूण यादव पुत्र उदयराज यादव (मधुपुर, मुंगरा बादशाहपुर, जौनपुर)। सुनील वर्मा पुत्र स्व. राधेश्याम वर्मा (सी-4250/12 राजाजीपुरम, लखनऊ)। वरूण विक्रम सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह (डी34 विनयनगर, कृष्णानगर, लखनऊ)। जुनैद अली हाशमी पुत्र स्व. इरफान अली हासमी (120/98 वेलदारीलेन, लालबाग, हजरतगंज, लखनऊ)। हिमांशु सिंह पुत्र रामनारायण सिंह (मुरैनी, महाराजगंज, रायबरेली)।

## घर के अंदर मिला युवक का शव, हत्या का आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में रविवार की शाम एक युवक का शव उसके घर के अंदर से मिला। युवक का शव चारपाई पर था और उसमें से दुर्गंध उठने लगी थी चारपाई के आसपास शराब की बोतले भी पड़ी थी। मृतक के मामा ने हत्या की आशंका जाहिर की है वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हवासपुर निवासी चंद्रशेखर मिश्र पुत्र स्वर्गीय जगदीश नारायण मिश्र दो बहनों में अकेला था। बहनों की शादी हो गई है पिता की पहले ही मौत हो गई थी। कुछ महीने पहले उसके माँ की भी मौत हो गई चंद्रशेखर अपने घर में अकेले रहता था खुद का ई रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता था। रविवार को उसकी

### शव से आ रही थी दुर्गंध

बहन ने दिल्ली से अपने मामा के लड़के को फोन पर बताया कि तीन दिनों से चंद्रशेखर का फोन नहीं उठा रहा है। तो मामा का लड़का उसके घर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। तभी चंद्रशेखर के मामा हंडिया निवासी देवेंद्र त्रिपाठी भी आ गए उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर के कमरे में एक चारपाई पर चंद्रशेखर का शव पड़ा हुआ था और उसमें से दुगंर्दानी शुरू हो गई थी। मृतक के मामा देवेंद्र त्रिपाठी हत्या की आशंका जाहिर करते हुए बताया कि चंद्रशेखर के नाक और मुंह से ब्लड निकला नजर आ रहा था उसने जमीन भी बेची थी। पैसे भी गायब है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## माघमेला : 45 संवेदनशील स्थलों पर तैनात होंगी 112 की गाड़ियां, एडीजी ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेले में आपातकालीन स्थिति में श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों तक एक कॉल पर सहायता पहुंचेगी। इसके लिए 45 संवेदनशील स्थानों पर 112 की गाड़ियां तैनात रहेगी। बेहतर समन्यवय के लिए मेला क्षेत्र में ही 112 का कंट्रोल रूम भी बनेगा। एडीजी 112 नीरा रावत ने शुक्रवार को मेला क्षेत्र में पहुंचकर तैयारियों का जायजा भी लिया। माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए डायल 112 की भी सहायता ली जाएगी। पीआरवी के कुल 45 वाहनों पर सवार जवान शिफ्टवार ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। जो एक कॉल पर श्रद्धालु की मदद के लिए मौके पर पहुंचेंगे। इनमें 20 चारपहिया व 25 दोपहिया वाहन शामिल हैं। सेवा को बेहतर बनाने के लिए माघ मेला क्षेत्र में ही डायल 112 का अस्थायी कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है। यह कंट्रोल रूम माघ मेला के कोतवाली थाना परिसर में बनाया जा रहा है। डायल 112 की एडीजी नीरा रावत ने शुक्रवार को मेला क्षेत्र में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पीआरवी के लिए चिह्नित स्पॉट देखने के साथ ही पीआरवी जवानों संग बैठक की। कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा कर माघ मेले को सफल बनाएं। ताकि देश विदेश से आने वाले तीर्थयात्री उप्र पुलिस की अच्छी यादों को अपने साथ लेकर जाएं। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी तीर्थ यात्रियों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। इस मौके पर डीआईजी/एसएसपी माघ मेला राजीव नारायण मिश्र, डायल 112 डीआईजी एसपी सिंह, पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



## माघ मेला के प्रथम स्नान से एनडीआरएफ बचाव कर्मी एवं चिकित्सीय टीम तैनात

**प्रयागराज।** आपदा जोखिम और न्यूनिकरण हेतु मनोज कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देशन में 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी की दो टीमें निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी और निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के नेतृत्व में निरीक्षक अनिल कुमार और निरीक्षक रवि आदि की माघ मेला प्रयागराज में तैनाती की गई है । माघ मेला प्रयागराज मे स्नान पर्व को सकुशल/सौहार्द पूर्ण वातावरण मे संपन कराने हेतु 11 वी बटालियन एन डी आर एफ की टीमे वी आई पी घाट से लेकर संगम तक, वी आई पी रामघाट अरैल घाट क्षेत्र पर मुस्तैदी से तैनात हैं ।संगम तट के किनारे स्नान से पूर्व एन डी आर एफ की टीमे तैनात रहती है और स्नान शुरू होते ही टीमे सक्रिय हों जाती हैं और जरूरी उपकरणों लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट और डीप ड्रिवर सेट आदि के साथ मोटर वोट से संगम तट के किनारे भ्रमण करती रहती है और स्नान पर्व को सौहार्द पूर्ण संपन करा रही हैं इसके अतिरिक्त धार्मिक आस्था के प्रतीक पवित्र स्नानों में लोगों की सुरक्षा के लिए भी तैनात होती है। माघ मेला के दैरान गंगा स्नान के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा बेहद जटिल होती है। श्रद्धालुओं की सुगमता और सुरक्षित तरीके से गंगा स्नान करने के लिए मेला प्रशासन के साथ समन्वय करते हुये एनडीआरएफ बचावकर्मियों को गोताखोर, पैरामेडिक्स, डीप डाइविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य बचाव उपकरणों के साथ घाटों पर तैनात किया गया हैं। एनडीआरएफ के बचाव कर्मी अधिक गहरे पानी वाली जगहों को चयनित कर श्रद्धालुओं को वहां ना जाने की हिदायत दे रहे हैं। एनडीआरएफ के बचाव कर्मी घाटों पर मोटर बोट व प्रशिक्षित गोताखोरों की सहायता से श्रधालुओं पर अपनी पैनी नजर रख हुए हैं। मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक 11 एनडीआरफ, ने जानकारी दिए हैं की माघ मेला प्रयागराज में लाखो के संख्या में श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान करेगे एवम् इसी ही संख्या में कल्पवासी रहेंगे जलाभिषेक करने मंदिर जाते हैं। गंगा नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर एनडीआरएफ की टीमे पूरे माघ मेला में निगरानी रखेगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके। एनडीआरएफ के चिकित्सक डॉ. समित सुपाकर की देखरेख देखरेख मे *ठअक्रने माघ मेला में चलाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर, आरोग्य से आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत वाराणसी एनडीआरएफ टीम ने माघ मेला मे आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा शिवर उपलब्ध करवाने की मुहिम शुरू की हैकइसी कड़ी में रविवार को उप महानिरक्षक मनोज कुमार शर्मा की निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की चिकित्सीय टीम द्वारा किला घाट पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही वंचित व जरूतरमंद लोगों को मुफ़्त दवाइयां, मास्क और सैनिटाइजर का वितरण किया गया। इसमे ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन का स्तर और डायबिटीज इत्यादि की निःशुल्क जांच और रोगानुसार दवाइयां भी वितरित की जा रही है।

# राम मंदिर निर्माण एक नए युग का आरंभः स्वतंत्र देव सिंह

## गृह संपर्क अभियान के तहत बांटे गये अक्षत व आमंत्रण पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत रविार को नगर में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अभियान के जिला सह संयोजक डॉ रंगनाथ शुक्ल, ज्योतिषाचार्य आलोक ऋषिवंश, नितेश खंडेलवाल, सह संयोजक शिव शंकर सिंह, के साथ घर घर पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र, और



फोटो 1-गृह संपर्क अभियान में शामिल कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

पत्रक वितरण करके लोगों से 22 जनवरी का दिन उत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया।

इस क्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, आर एस एस के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय के साथ सह जिला व्यवस्था प्रमुख नितेश खंडेलवाल के आवास पर पहुंचे और वहां से परिवार को पूजित अक्षत देते हुए अभियान को आगे बढ़ाया। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण एक नए युग का आरंभ है सदियों की प्रतीक्षा, त्याग, बलिदान के बाद आज यह सुअवसर आया है, जब हम सभी भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण होता हुआ देख रहे हैं। इसी क्रम में सच्चा बाबा आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी को सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेंद्र मौर्य, बौद्धिक प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय,जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह के साथ अयोध्या का आमंत्रण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व विधायक धीरज ओझा, राजा अनिल प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ल, महामंत्री राजेश सिंह, अवधेश मिश्र, शिशिर खरे, संतोष मिश्र, संजीव आहूजा, रतनचंद्र जैन, अश्विनी केशरवानी, शरद केसरवानी, पिंकी दयाल, हरिश्चंद्र खंडेलवाल, दिनेश अग्रहरि, सुनील दुबे, तुषार दत्त मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## जनपद के छह विकास खण्डों में 10 फरवरी से चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि आईडीए अभियान के तहत जनपद के 06 विकास खण्डों में क्रमशः आसपुर देवसरा, कालाकांकर, शिवगढ़, मानधाता, पट्टी व सदर में 10 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलेगा जिसमें फाइलेरिया रोधी दवा एल्बेन्डाजॉल, डाईइथाइल कार्बामजीन (डीआईसी) और आइबरमेक्टिन खिलायी जायेगी।

दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गम्भीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को यह दवा खिलायी जायेगी। जनपद के 06 विकास खण्डों में 1223981 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आई0डी0ए0 कार्यक्रम में 980 टीमें, 1960 ड्रग एडमिनिस्टेट्र्स तथा 165 पर्यवेक्षक

### राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला समन्वयक समिति की बैठक सम्पन्न

लगाये जायेगें। जनपद को डी0आई0सी0 के 3163824, एल्बेन्डाजॉल की 1282448 तथा आइबरमेक्टिन की 3206120 की गोलियॉ आवंटित की गयी है। रैपिड रेस्पांस टीमों की 06 है। बैठक में बताया गया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया के लक्षण हाथ व पैर में सूजन व हाइड्रोसील है। फाइलेरिया के फैलने की मुख्य वजह मच्छर है इसलिये उनसे बचाव करना जरूरी है। फाइलेरिया से बचाव हेतु वर्ष में एक बार दवा अवश्य खायें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत प्रतिशत लक्षित जनसंख्या को दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर फाइलेरिया रोग के नियंत्रण और इसके बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें। उन्होने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं स्वयंसेवी समूहों के सहयोग से दवा का सेवन कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य चिकित्सधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लाज भोला 344 के अरविन्द कुमार सिंह बने नये अध्यक्ष

### डा0 बीएन कपूर के हाल में हुआ पदग्रहण समारोह



पदग्रहण समारोह में शामिल नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के कपूर चैराहा स्थित डा0 संजय कपूर की क्लीनिक पर डा0 बीएन कपूर हाल में लाज भोला नं0 344 का पदग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें बसंत त्रिपाठी के स्थान पर अरविन्द कुमार सिंह को नया अध्यक्ष चुना गया। आईपीएम के निवर्तमान अध्यक्ष बसंत त्रिपाठी, सीनियर वार्डेन संतोष नारायण तिवारी, जूनियर वार्डेन डा0 बृजभानु सिंह, चैपलिन राइट वसीर्फुल ब्रदर गिरीश शास्त्री, कोषाध्यक्ष डा0 घनश्याम अग्रवाल, सेकेटरी दिलीप आहूजा के अलावा डायरेक्टर आफ सेरेमनी डा0 संजय कपूर, सीनियर डीकेन कृष्ण प्रताप सिंह, जेए विपरर संजीव त्रिपाठी, चीफ स्टडी वर्ल्ड राजेश पाल, टाइलर सुरेन्द्र चावला ने अपने-अपने पद का पदभार ग्रहण किया। समारोह में लाज पचैरी 214 के पूर्व मास्टर शिवाधर पाण्डेय तथा सुनील अग्रवाल ने उपस्थित रहकर नये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह

## कूड़ा पृथक्करण केन्द्र पर नगर पालिकाध्यक्ष ने एमआरएफ दिवस मनाया

### फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महुली स्थित नगर पालिका के कूड़ा पृथक्करण केन्द्र पर आज नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह द्वारा एम0आर0एफ0 दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस कूड़ा पृथक्करण केन्द्र को स्वच्छ बनाने के लिये यहां वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अलावा यहां एकत्र कूडे. के निस्तारण के लिये शासन की सलाह पर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने यहां की सफाई की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह व राजेश कुमार बिंद, शशांक श्रीवास्तव, संदीप कुमार, शुभम मिश्रा सहित अनेक नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोगों को बांटा गया पूजित अक्षत व राम मंदिर का चित्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में जिले के अनेक स्थानों पर लगातार रामभक्त अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत एवं श्री राम मंदिर का चित्र तथा पत्रक लेकर आमंत्रण स्वरूप संपर्क कर रहे हैं।

इस दौरान 152000 परिवारों में राम भक्तों ने पूजित अक्षत एवं श्री राम मंदिर का चित्र तथा पत्रक लेकर 22 जनवरी 2024 के दिन अपने निकट के मंदिर पर भव्य उत्सव मनाने के लिए आमंत्रण स्वरूप संपर्क किया। आज नगर के वीर सावरकर बस्ती ,अचलपुर ,श्री राम बस्ती ,लक्ष्मण बस्ती ,आदि विभिन्न स्थानों पर मात्र शक्तियों ने भी बढ़-चढ़कर संपर्क अभियान में पुण्य की भागीदार बनी। अचलपुर में बच्चे भी साथ चलने लगे जय श्री राम के नारे लगाते हुए नगाड़े की धुन पर नृत्य करने लगे। प्रकार

### पत्रक लेकर आमंत्रण के लिये किया गया सम्पर्क

से चारों तरफ भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। अभी संपर्क अभियान का एक दिन शेष है जिले के सभी राम भक्त आमंत्रण स्वरूप संपर्क अभियान का अपना लक्ष्य पूर्ण करेंगे। 16 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्त सभी स्थानों पर प्रभात फेरी निकालेंगे। 22 जनवरी 2024 को जिले के सभी मंदिरों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु व्यापक कार्य योजना बनी हुई है। संघ दृष्टि से प्रतापगढ़ जिले के सभी मंदिरों का चिन्हांकन हो चुका है। समाज के लोग भी इस पूरे अभियान में बढ़-चढ़कर के हिस्सा ले रहे हैं। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एवं अभियान के जिला संयोजक राजन ने दिया। अभियान को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार ,अभियान के जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, जिला सहसंयोजक महेश गुप्ता, अभियान के प्रचार प्रमुख शिवेश शुक्ला, मनीष रावत, विवेक कुमार, अंकुर श्रीवास्तव, राम उजागर, अशोक शर्मा, अनामिका उपाध्याय, छाया केसरवानी, बबीता खंडेलवाल, शिवानी केसरवानी, नीतू खंडेलवाल, शिवम, सभासद आशीष, नगर के संयोजक विजय सिंह, नगर प्रचारक आलोक, तेजस आदि मौजूद रहे।

### फायर ब्रिगेड की टीम ने कई स्थानों पर किया मॉक ड्रिल

**प्रतापगढ़।** महानिदेशक, अग्निशमन तथा आपात सेवा, उ०प्र० लखनऊ के आदेश के क्रम में चेकिंग अभियान के तहत जनपद के सिटी होटल, अम्बेडकर चैराहा प्रतापगढ़, पैराडाइज होटल, मीराभवन चैराहा प्रतापगढ़, होटल रायल इन, स्टेशन रोड प्रतापगढ़, होटल विवेक पैलेस स्टेशन रोड प्रतापगढ़, प्रभाकर पैलेस जोगापुर प्रतापगढ़, लीला पैलेस मीराभवन प्रतापगढ़ के समस्त कर्मचारियों को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रतापगढ़ श्री अतुल त्रिपाठी की टीम के ए.एस.आई. राधेश्याम दूबे द्वारा अग्नि सुरक्षा विषय पर व्याख्यान एवं फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल कराया गया। कार्यक्रम के दौरान एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर फायर एक्सटिंग्यूशर से तथा अन्य प्रायोगिक विधियों से आग बुझाने का अभ्यास कराया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी, ए.एस.आई. राधेश्याम दूबे, चालक सतीश पाल, फायरमैन विजय बहादुर यादव शामिल हुए। कार्यकम की उपस्थित लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## खिचड़ी भोज में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री



मंत्री का स्वागत करते पूर्व विधायक धीरज ओझा।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति के अवसर पर रानीगंज के पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा के शहर के बाबागंज स्थित आवास पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में प्रतिभाग के दौरान पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने उन्हें अंगवस्त्र एवं माँ बाराही स्मृति भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, महामंत्री राजेश सिंह, प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा, निवर्तमान प्रमुख गौरा राकेश सरोज, मीडिया प्रभारी ललित तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## बेल्हा-हिन्दी कविता के प्रमुख स्वर का हुआ भव्य लोकार्पण

### प्रतापगढ़ के 60 कवियों की परिचय सहित रचनाएं हैं संकलित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न द्वारा प्रणीत ऐतिहासिक महत्व की काव्य कृति बेल्हा हिन्दी कविता के प्रमुख स्वर का लोकार्पण नगर के एंजिल्स इंटर कालेज में हुआ। काव्य कृति में 20वीं से 21वीं सदी के 60 प्रमुख कवियों की परिचय सहित रचनाएं प्रकाशित हैं।

काव्य कृति के प्रणेता डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि यह कृति जनपद के साहित्येतिहास के क्रमिक विकास का दिग्दर्शन कराती है। इसमें वयोवृद्ध एवं नवोदित कवियों की रचनाएँ हैं। मुख्य अतिथि



बेल्हा कविता के प्रमुख स्वर का विमोचन करते साहित्यकार।

डॉ० शाहिदा खान ने कहा कि यह कृति साहित्य का अनमोल तोहफा है।आने वाले समय में यह शोध के लिए उपयोगी होगी। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने कहा कि बेल्हा हिन्दी कविता के प्रमुख स्वर अमूल्य साहित्यिक निधि है। संपादन में संगम लाल त्रिपाठी भंवर, डॉ० शाहिदा एवं श्याम शंकर श्याम ने सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम में राधेश्याम पांडेय दीन, अर्जुन सिंह, हरिवंश सिंह, राज नारायण, राधेश्याम, श्रीनाथ मौर्य, मो० अनीस, अरूण, रत्नाकर, चांदनी, काकाश्री, लवलेश, बेजोड़, अंकिता, आकांक्षा, रीतिका मौर्य आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।

## अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश के लिये करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहायक श्रमायुक्त आरके पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय समिति लखनऊ द्वारा अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव प्रयागराज में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कक्षा 6 के 140 एवं कक्षा 9 के 140 छात्र एवं छात्राओं के प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

ऐसे नवीनीकृत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनका पंजीकरण 31 दिसंबर 2023 को कम से कम तीन वर्ष पूर्ण हो गया हो, के प्रति परिवार

### कोविड अनाथ बच्चे भी अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिये होगें पात्र

अधिकतम दो बच्चे प्रवेश हेतु पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त कोविड के कारण अनाथ बच्चे जिनका महिला एवं बाल विकास में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पात्र हों प्रवेश हेतु पात्र होंगे। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु बच्चों की जन्म तिथि 01.05.2012 से पहले और 31.7.2014 के बाद नहीं होना चाहिए इसी प्रकार कक्षा 9 में प्रवेश हेतु बच्चों की जन्म तिथि 01.05.2009 से 31.7.2011 के बीच होनी चाहिए। बालक एवं बालिकाओं के कुल सीटों का अनुपात 50-50 होगा, सीटों का आरक्षण नियमानुसार अनुमन्य होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त करने की तिथि 8 जनवरी 2024 से 5 फरवरी 2024 तक प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक प्राप्त होगा। परीक्षा की तिथि 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को प्रस्तावित है। आवेदन कार्यालय सहायक श्रमायुक्त पलटन बाजार प्रतापगढ़, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रतापगढ़ एवं समस्त खंड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकते हैं। श्रम विभाग द्वारा आवेदन पत्र उक्त समस्त कार्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है आवेदन पूर्ण रूप से भरकर उक्त कार्यालय में निर्धारित अवधि एवं समय पर जमा करें।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत परियावां में चला स्वच्छता अभियान



नालियों की सफाई करते सफाई कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद प्रतापगढ़ के ब्लाक कालकांकर की ग्राम पंचायत परियावां में रविवार को अवकाश के दौरान कालाकांकर सहायक पंचायत विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के निर्देश पर स्वच्छता अभियांन के तहत सफाई कर्मियों की टीम भेजकर गंदगी व नाली की साफ सफाई का अभियान चलाया जिसमे ग्राम पंचायत के प्राइमरी स्कूल परियावां मे गंदगी को कचरा गोबर की गाडी मे भरकर साफ सफाई कराया और ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलो व सरकारी प्रतिष्ठानों में कचरा गंदगी को रखने के लिये बाक्स रखवाया और लोगो से अपील किया कि कचरा को बाक्स में ही फेंके इस दौरान सफाई कर्मियों की टीम साफ सफाई में लगी रही। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य ग्राम विकास अधिकारी व्यास कुमार मौर्य व पंचायत मौजूद के साथ पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना लालगज के उ0नि0 कबीरदास मय हमराह एवं थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 सत्येन्द्र भदौरिया मय हमराह द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 17/2024 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 332, 353, 304, 427, 341 भादवि व 7 सी0एल0एक्ट से संबंधित दो अभियुक्तों को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत पुरवारा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में जयन्त सरोज पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम कटरा दुग्धा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़, धीरज पटेल पुत्र श्रीपत पटेल निवासी ग्राम कटरा दुग्धा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे। पुलिस टीम उ0नि0 कबीरदास मय हमराह थाना लालगज एवं उ0नि0 श्री सत्येन्द्र भदौरिया मय हमराह थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़।

उधर पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, श्री संजय राय के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतापगढ़ के सफल पर्यवेक्षण में उ0नि0 सचिन पटेल मय हमराह थाना बाघराय द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/ विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान थाना बाघराय में पंजीकृत मु0अ0सं0 228/22 धारा 147, 148, 149, 323, 352, 307, 354ख, 307 भा0द0वि0 से संबंधित एक अभियुक्त प्रदुम्न त्रिपाठी पुत्र देवनारायण त्रिपाठी नि0 पूरेखाण्डेय थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के मां चामुण्डा मन्दिर को जाने वाले रास्ते के मुख्य द्वार के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में प्रदुम्न त्रिपाठी पुत्र देवनारायण त्रिपाठी नि0 पूरेखाण्डेय थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ है।

### ीबों को वितरित किया गया कंबल और फल

**प्रतापगढ़।** थाना दिलीपपुर के थानाध्यक्ष उ0नि0 राधेश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 2679/09 धारा 323,504 भादवि0 थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित एक वारण्टी अभियुक्त पुजारी उर्फ उमाशंकर पुत्र सूर्यलाल विश्व कर्मा निवासी ग्राम रसोइया थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लॉक प्रमुख सुशील कुमार सिंह का जन्मदिन पट्टी नगर सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर समर्थकों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। पट्टी तहसील के बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह गरीबों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। पट्टी के रायपुर रोड, पट्टी डाक बंगला, मुजाही बाजार, देवसर ब्लाक, दाउदपुर, बाबा बेलखरनाथधाम, में समर्थकों ने केक काटकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना किया। पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजो को फल वितरित किया गया। मुजाही सहकारी समिति पर 600 गरीबों को कंबल वितरित किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के मीडिया प्रभारी विनोद पांडेय ने किया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह ने कहा कि जन्मदिन की सार्थकता इस बात में है कि हमारे द्वारा किए गए कार्य से लोग लाभान्वित हो। पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, आसपुर देवसरा ब्लाक प्रमुख कमलाकांत, रामगंज नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह, भारतीय जनता पार्टी जिला संयोजक काशी प्रांत सतीश सिंह ने केक काटकर उन्हें बधाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पेशकार संजीव सिंह, अजय सिंह उर्फ टक्कू, अखिलेश श्रीवास्तव, पियूष सिंह उर्फ टक्कू, देवेश सिंह उर्फ भोले सिंह, संतोष सिंह, सचिन सिंह, रवि सिंह, गुड्डू यादव, मास्टर सनी सिंह, धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य ओमप्रकाश, राहुल जायसवाल, हरीश जायसवाल उर्फ पन्ने, पप्पू जायसवाल, पूर्व प्रधान अनिल तिवारी, राहुल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतापगढ़ के सफल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज, थाना बाघराय के द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 255/23 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित एक अभियुक्त को हीरागंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में दिलशाद पुत्र सुग्गू उर्फ शमशाद निवासी ग्राम सिंधौर थाना लीलापुर प्रतापगढ है।

# प्रभास गिरि के मेले में उमड़ी अपार भीड़ यमुना नदी में किया स्नान

जनपद कौशांबी के विभिन्न क्षेत्र के साथ-साथ पड़ोसी जनपद चित्रकूट बांदा प्रतापगढ़ फतेहपुर प्रयागराज के भी लोग प्रभास गिरि का मेला देखने पहुंचते हैं

अखंड भारत संदेश

**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के प्रभाष गिरि पर मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाले सैकड़ो वर्ष पुराने ऐतिहासिक विशाल मेले में इस वर्ष भी इलाके के लाखो लोगों ने मेले का लुफ्त उठाया है कौशांबी जनपद के विभिन्न क्षेत्र के साथ-साथ पड़ोसी जनपद चित्रकूट बांदा प्रतापगढ़ फतेहपुर प्रयागराज के भी लोग प्रभास गिरि का मेला देखने पहुंचते हैं मकर संक्रांति के दिन लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में पहुँचे श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान कर मेला का जमकर आनंद लिया है प्रभास गिरि का मेला देखने वाले लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

मेले में विभिन्न प्रकार के दुकानदारों द्वारा दुकान लगाई गई थी जहां खरीददारों की भीड़ लगी रही इतना ही नहीं झूला आदि की व्यवस्था मेले में रही जिसमें बच्चों ने जमकर आनंद लिया प्रभास गिरि का एकदिवसीय मेला अवस्थाओं के बीच संपन्न हुआ लेकिन क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह के साथ मेले का आनंद लिया एवं जमकर खरीदारी किया पभोसा मेला में लगभग 1 घंटे तक जाम लगा रहा पुलिस की व्यवस्था सही ना होने की वजह से लंबा जाम लग गया पुलिस मेले में बैठकर डियूटी कर रही थी मेला में आए हुए महिलाएं और बच्चे परेशान दिखाई पड़े है मंझनपुर एसडीएम व क्षेत्राधिकारी दोनों अधिकारियों को जाम का झाम झेलना पड़ा दोनों अधिकारियों को खपटीहा गांव के पास से मेला मैदान से 1 किलोमीटर तक दोनों अधिकारियों को पैदल जाना पड़ा।





## खचाखच भरा रहा प्रभाष गिरि मेला स्नान करने के बाद किया खिचड़ी दान

मेले की विशेषता यह है कि पत्थर के समान और लाठी की खरीददारी भी लोग करते हैं

**बैरमपुर कौशाम्बी** जनपद के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के प्रभोषा गांव में मकर संक्रांति पर्व पर रविवार को प्रभाषगिरि प्रभोषा मेला में भारी भीड़ उमड़ पड़ी चारों ओर महिला पुरुष बच्चों की भीड़ दिखाई पड़ रही थी भीड़ के चलते काफी देर तक आवा गमन भी बाधित रहा मकर संक्रांति के पर्व पर लगने वाले प्रभाष गिरि के ऐतिहासिक मेले में पहुँचे लोगो ने यमुना नदी में स्नान करने के बाद खिचड़ी दान भी किया एवं पूजा अर्चना भी की। यहां मेले में लोगो ने जमकर खरीददारी भी की। इसके अलावा प्रभाषगिरि पर्वत पर लोगों ने लुत्फ उठाया युवाओं की टोली ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति को यादगार बनाया नए जोड़े भी यहां आते हैं और पूजा पाठ के बाद घूमते टहलते एवं मेला का आनंद लेते है। मेले में भारत सम्राट जादूगर की भी लोगों ने लुत्फ उठाया सैकड़ों वर्ष से लगने वाले इस मेले की विशेषता यह है कि पत्थर के समान और लाठी की खरीददारी भी लोग करते हैं पत्थर के सामानों और लाठी की सैकड़ों दुकान मेला क्षेत्र में लगी थी जहां लोगों की भीड़ लगी रही इस वर्ष मेले में इतनी भीड़ थी कि तमाम लोगों को दो किलोमीटर दूर गोराजू गेट से वापस लौटना पड़ा है मेले की सुरक्षा के लिए यहां पुरुष एवं महिला सिपाहियों की तैनाती भी रही।जनपद मुख्यालय से एसडीएम सीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पूरे समय मौजूद रहे मेला आयोजक समाजसेवी सुनील तिवारी ने भी मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अच्छी व्यवस्था की थी मेले में अपार भीड़ के चलते उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकारी को भी जिन मंदिर तक पहुंचने में एक किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ी।



## एडीओ पंचायत की निगरानी में चला मकर संक्रांति में सफाई अभियान



**कोखराज कौशाम्बी** श्री राम प्राण प्रतिष्ठा और मकर संक्रांति के अवसर पर जनपद कौशांबी के मूरतगंज ब्लॉक के ए डी ओ पंचायत नवनीत सिंह ने भिखनापुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान नितिन कुमार पटेल के साथ मिलकर ग्राम में घूम घूम कर लगभग 40 कर्मचारियों के साथ नाली व कूड़े के ढेर की सफाई अपने निगरानी में कराई है सघन रूप से सफाई अभियान चलाया गया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर कड़ा धाम के कुबरी घाट पर वितरित हुआ खिचड़ी प्रसाद

**कौशाम्बी** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर एवम स्व0 पंडित नर्मदा प्रसाद मिश्र के स्मृति में कड़ा के कुबरी घाट में पत्रकार नील कमल मिश्र ने हजारों लोगों को खिचड़ी प्रसाद वितरण कराया प्रसाद वितरण कार्यक्रम की शुरूआत अरुण केसरवानी चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम एवम थानाध्यक्ष कड़ा धाम आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने मां गंगा में डुबकी लगाकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर मंगल कामना की समाजसेवी नील कमल मिश्र ने बताया कि उनके बाबा एक आदर्श शिक्षक के रूप में क्षेत्र में जाने जाते हैं।उनकी याद में यह कार्यक्रम पिछले सात वर्षों से अनवरत जारी है। इस दौरान संजय पाठक ,रेवती रमन पांडेय, प्रमोद पांडेय, देवनारायण यादव, एडवोकेट विपुल मिश्रा, एडवोकेट शशि कमल मिश्रा, एडवोकेट अरविंद, बलराम यादव, पत्रकार प्रसिद्ध मिश्र, प्रशांत त्रिपाठी, सर्वेश पांडेय,मनीष पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मंदिरों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**कौशाम्बी** अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्रति प्रतिष्ठा से पूर्व 14 से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान की मुहिम शासन द्वारा चलाई जा रही है शासन के आदेश पर नगर पालिका परिषद भरवारी में अध्यक्ष कविता पासी ने रविवार को मंदिरों में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया,नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी कर्मचारियों के साथ भरवारी पहुंची और मंदिरों में साफ सफाई की। अध्यक्ष टीम के साथ सर्वप्रथम पुरानी बाजार स्थित हनुमत निकेतन मंदिर परिसर पहुंची और मंदिर एवम मंदिर परिसर की साफ सफाई की। इसके बाद बाद नया बाजार स्थित हनुमान मंदिर की साफ सफाई की गई मंदिर परिसर की साफ सफाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, कर्मचारी खुशबू केसरवानी,लिपिक बबलू गौतम, वार्ड नंबर 17 के सभासद शंकर लाल केसरवानी, धीरज चौरसिया, उपांशु केसरवानी,लल्लू प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 8 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर वीर नारियों तथा वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र, मोमेंटो व सम्मान-पत्र देकर डीएम ने किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने 8वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित वीर नारियों एवं वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं के अभिनंदन कार्यक्रम में वीर नारियो-प्राची शुक्ला,जावित्री देवी व संगीता यादव को अंगवस्त्र,मोमेंटो व सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने वरिष्ठ पूर्व सैनिक-हवलदार दशरथ लाल, सूबेदार जय नारायण मिश्रा तथा सिपाही अर्जुन प्रसाद त्रिपाठी को अंगवस्त्र व सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी 2017 से मनाया जाना प्रारंभ हुआ है, यह दिवस प्रथम जनरल क0एम0 करियप्पा के सेवानिवृत तिथि 14 जनवरी को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशांबी एक ऐतिहासिक जनपद है स्वतंत्रता संग्राम



सेनानी दुगार्भाभी ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेकर देश को आजाद कराने में बहुत ही बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जनपद के पूर्व सैनिकों ने विभिन्न युद्धों में वीरता का परिचय देकर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण बंधु की बैठक में सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से कहा कि जब भी आप लोगों को कोई भी समस्या हो,बिना संकोच के तत्काल अवगत करायें, समस्या का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेंगा। पूर्व सैनिक दशरथ लाल करवरिया ने कहा कि आज का दिन हम सब के लिए शुभ दिन है। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का तत्परता के साथ निस्तारण किया जाता है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड तथा पूर्व सैनिक राजमन पाल अवधेश कुमार मिश्रा शारदा प्रसाद वर्मा मनोज कुमार सिंह राजेश कुमार यादव संजीव कुमार चौरसिया एवं सुनील कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### ट्रेन की चपेट में आई कक्षा 6 की छात्रा, मौत



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी वार्ड नं 10 मंगल पांडेय नौढिया आमद करारी की कक्षा 6 में पढ़ने वाली एक 13 वर्षीय बालिका ट्रेन की चपेट में आ गई है जिससे बालिका की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है(जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 10 नौढिया आमद करारी निवासी नीलम देवी उम्र 13 वर्ष पुत्री हरिलाल सरोज रविवार की सुबह अपनी बहनों के साथ रेल लाइन पार कर शौच क्रिया करने गयी थी तभी घना कोहरा छाया होने के कारण ट्रेन की पटरी पार करते वक्त बालिका माल गाड़ी से टकरा गई जिससे बालिका की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई बालिका की मौत की जानकारी जैसे ही परिवार वालों को मिली रोते बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए सूचना पर कोखराज एसओ इन्द्र देव व भरवारी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे और बालिका के लाश को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों ने बताया कि वह कस्तूरबा गांधी विद्यालय भरवारी में कक्षा 6 की छात्रा थी परिजनों ने बताया कि चार बहनों में दूसरे नम्बर की मृतक बालिका थी

### सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे दबंग

**टेडीमोड कौशाम्बी** तहसील सिराथू के बम्हरौली गाँव मे ग्राम सभा की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा अवैध मकान बनाया जा रहा है जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान नियामत उल्ला ने मौके पर पहुंचकर अवैध मकान दिवाल को गिरा दिया है ग्राम सभा की भूमि मे दर्जनों ग्रामीणों हरीशचंद्र अशोक पंचम पुत्र कल्लू पटेल भुक्खड़ पटेल आदि जबरन कब्जा कर रहे है प्रधान के मना करके आने के बाद कुछ ग्रामीण फिर से निर्माण कार्य चालू कर दिया गया है एसडीएम प्रबुद्ध सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो लेखपाल भेजकर काम बंद कराकर कार्यवाही की जाएगी



### 20 लोहे के पाइप के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा न्यायालय

**अझुवा कौशांबी** चोरी के 20 लोहे के पाइप के साथ सैनी कोतवाली पुलिस ने 4 अभियुक्तों कुलदीप सोनकर पुत्र लालता प्रसाद सोनकर निवासी चक बख्तियार थाना सैनी,अंगद सोनकर पुत्र लसई सोनकर निवासी पूरब शरीरा, लालजी सोनकर पुत्र गप्पू सोनकर निवासी ग्राम सभा कोट गढ़ा थाना खखरेरू जिला फतेहपुर, संदीप सोनकर पुत्र स्वर्गीय मगन सोनकर निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को मुखबिर की सटीक सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस ने ग्राम सभा खड़गपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।



### मारपीट एवम सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों को पुलिस ने भेजा जेल

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के डोरमा ग्राम सभा में 12 जनवरी को मारपीट की सूचना पर पहुंचे डायल 112 पीआरवी कर्म चारी गण के साथ युवकों ने गाली गलौज किया था जिसका मुकदमा कोतवाली में दर्ज कर पुलिस ने यशवंत सिंह पुत्र करन बहादुर सिंह,सोनू पुत्र कल्लू सिंह को संबंधित धाराओं में गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है वहीं ग्रामीण चचाओं पर जाएं तो युवकों ने किसी बात से अक्रोशित होकर डायल 112 पुलिस कर्मियों से मारपीट करते हुए जमकर भड़ास निकाली थी खैर सैनी कोतवाली पुलिस के पथरांवा चौकी इंचार्ज आलोक राज मय हमराहियों डोरमा गांव से दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है।



# चंद पूँजीपतियों के पास जा रहा है देश का पैसा : अटेवा

अटेवा कौशाम्बी ने आज से शुरू किया अटेवा आप के द्वार-जन संवाद कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर अटेवा आप के द्वार-जन संवाद कार्यक्रम की शरुआत अटेवा कौशाम्बी के जिला संरक्षक मोती लाल सिंह व जिला संयोजक कुशल सिंह ने संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी से किया जिसमे मोती लाल सिंह ने निजीकरण और एनपीएस के दुश्परिणाम से जागरूक,उनको सरकारी केंद्रीय अर्थव्यवस्था सरकारी नौकरी और ओपीएस का लाभ बताया। और कुशल सिंह ने बताया की एनपीएस और निजीकरण से देश का पैसा पूँजीपतियों कों और अमीर बना रहा गरीब को और गरीब बना रहा है ,उसके बाद विकास भवन मंझनपुर में पंचयतीराज विभाग सिंचाई विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग कर्मचारियों को भी जागरूक किया फिर कृषि विभाग में कर्मचारियों एवं युवाओं को जागरूक किया सभी ने कहा कि वास्तव में देश का पैसा चंद पूँजीपतियों के पास जा रहा है जब देश गरीब था तब युवाओं को नौकरी और अपने सरकरी को ओपीएस दे रहा था लेकिन आज हम विश्व की तीसरी आर्थिक महा शक्ति बनने जा रहें लेकिन देश की सेवा करने वाले अर्द्ध सैनिक बलों को एनपीएस युवाओं को अग्निवीर बना रहें हैं कर्मचारियों के वोट से विधायक, सांसद और माननीय लोग चार चार पेंशन ले रहें हैं,इसलिए कर्मचारी अपने बुढ़ापे की लाठी ओपीएस और युवा अपने भविष्य के लिए वोट करेगें और देश के करोड़ो कर्मचारी और शिक्षक जबतक संघर्ष करेंगे जब तक एनपीएस और निजीकरण समाप्त नहीं होगा इस अवसर पर साथ में जिला महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष धीरज सिंह,जिला सह संयोजक संजय तिवारी जिला संगठन मंत्री विनोद कुमार यादव,इकबाल अली, आई टी सेल प्रभारी आशीष कुमार सिंह,जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, अटेवा के जुझारू साथी यतेन्द्र सिंह, सिराथू ब्लॉक संयोजक अभिषेक आदि लोग रहे।




## दुकान से सामान लेने के बाद बकाया देना भूल गए पूर्व प्रधान

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत काजू गांव के रहने वाला योगेश कुमार पुत्र स्व० मक्खन लाल ने सीमेंट सरिया की दूकान खोल रखा है इनकी दुकान से दो पूर्व प्रधान ने अपने कार्यकाल में सीमेंट सरिया वा अन्य सामग्री उधार उठा ले गए थे समान ले जाते वक्त तत्कालीन ग्राम प्रधानों ने कुछ दिनों में पैसा देने की बात कही थी लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी पूर्व प्रधानों ने दुकानदार का पैसा वापस नहीं दिया बार-बार बकाया रकम की मांग दुकानदार करता रहा लेकिन पूर्व प्रधान बकाया रकम देने को तैयार नहीं हुई जिस पर दुकानदार ने पूर्व प्रधानों के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर के रुपए दिलाए जाने की मांग की है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र के मुताबिक पकसराई गांव का पूर्व प्रधान सुनील कुमार पुत्र चंदी लाल ने योगेश की दुकान से पांच साल पहले लगभग 44 हजार का सामान मेटेरियल ले गया लेकिन उसने आज तक उस सामान का चौवालिस हजार रुपए दुकानदार का बकाया नही दिया दुकानदार ने पूर्व प्रधान से कई बार रुपए की मांग की लेकिन आज तक पैसा नही दिया दुकानदार अपना बकाया पैसा मांगते मांगते थक हार गया और मामले की लिखित शिकायत चरवा थाना पुलिस को दी और पैसे वापस दिलाने की बात कही। यही नहीं योगेश कुमार की विल्डीग मेटेरियल की दूकान से उदायू गढ़वा गांव के पूर्व प्रधान संजय ने भी चार पांच साल पहले 50 हजार रुपए का मेटेरियल लिया और पचास हजार रुपया बकाया देना पूर्व प्रधान भूल गए दुकानदार बकाया पैसा मांगते मांगते थक गया मगर पेमेंट आज तक नही दिया इसकी भी शिकायत दुकानदार योगेश ने चरवा थाने में दर्ज कराई।

## बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर अफसर के चरणों मे गिड़गिड़ाती रही महिला

**महगाव कौशाम्बी** मंझनपुर थाना क्षेत्र के रामचरन का पूरा टेवा गांव के श्रीचंद्र की लाश संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगाव के पास रेल लाइन पर 10 जनवरी को मिली थी श्री चंद्र गुजरात में रोजी-रोटी के चक्कर में रहता था और उसकी पत्नी चांदनी अपने मायके में पिता बंसीलाल के घर रहती थी मौत के कुछ दिन पहले ही श्री चंद गुजरात से वापस लौटा था और अपने घर ना जाकर के वह सीधा ससुराल पहुंच गया था श्री चंद्र की मां राधा का कहना है कि उसकी बहू चांदनी ने अपने पिता और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर श्री चंद्र को मारा पीटा है हत्या करने के लिए दौड़ी है और उसकी हत्या कर दी है बेटे के हत्यारो की गिरफ्तारी को लेकर राधा देवी संदीपन घाट थाना पहुंचे आईजी जोन के चरणों पर गिरकर रोती गिड़गिड़ाती रही लेकिन उसके बाद भी मामले में केवल जांच और कार्यवाही का भरोसा दिया गया है श्री चंद्र की मौत को चार दिन बीत गए हैं लेकिन मामले में अभी तक आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है दूसरे मर्दों से चांदनी के संबंधों का खुलासा भी श्री चंद्र की मां राधा देवी ने किया है उसका कहना है कि एक महीने राधा अपनी ससुराल में रही लेकिन उसके तमाम गैर मर्दों के फोन आते थे जिससे विवाद होता था उसके बाद चांदनी अपने मायके महगाव चली गई है और उसका बेटा श्रीचंद गुजरात चला गया है और जब कभी गुजरात से वापस ससुराल पहुंचता था तो चांदनी के पास गैर लोगों को आना-जाना देखकर विरोध करता था जिससे झगड़ा लड़ाई होता था राधा का कहना है कि कई बार श्री चंद्र ने चांदनी की हरकत को बताया भी था राधा ने अधिकारियों को दिए तहरीर में अपनी बहू चांदनी और उसके मायके वाले लोगों को श्री चंद्र की हत्या का दोषी ठहराया है।



## अवैध स्थानों व अड्डों से शराब न खरीदें : आबकारी अधिकारी

**कौशाम्बी** जिला आबकारी अधिकारी राजेश प्रसाद ने सर्वसाधारण से अपील की है कि अवैध स्थानों व अड्डों से शराब न खरीदें, क्योंकि इसमें मिथाइल अल्कोहल मिश्रित शराब हो सकती है, यह घातक जहर है और इसकी बहुत थोड़ी सी भी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है एवं उसकी जान भी जा सकती है। आपका जीवन अमूल्य है, सस्ती शराब के चक्कर में अपनी जान न गवायें। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए किसी भी दशा में अवैध स्थल या अड्डों से खरीद कर या किसी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा दी गयी शराब का सेवन न करें। अधिकृत आबकारी दुकान से ही सील लगी एवं क्यू०आर० कोड लगी बोतल ही खरीदें। यदि आपके आस-पास जनपद कौशाम्बी में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री तथा अनुज्ञापित मदिरा दुकानों से ओवर रेटिंग की सूचना प्राप्त होती है, तो टोल फ्री नम्बर-14405 व व्हाट्सअप नम्बर 9454466019 तथा आबकारी निरीक्षक मंझनपुर के मोबाइल नंबर 7007444453 , आबकारी निरीक्षक सिराथू के मोबाइल नंबर 9720002021 ,आबकारी निरीक्षक चायल के मोबाइल नंबर 8931080298 व जिला आबकारी अधिकारी के मोबाइल नंबर 9454465615 पर आप इसकी सूचना दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

### उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने नवीन मंडी समिति में की बैठक

**अझुवा कौशांबी** उद्योग व्यापार मंडल अझुवा के पदाधिकारियों ने नवीन मंडी समिति में एक बैठक आयोजित कर तमाम विचार रखे हैं इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के अझुवा अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रहरी ने बताया कल 15 जनवरी को नवीन मंडी समिति में व्यापार मंडल की तरफ से एक वृहद खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा जिसमें नगर क्षेत्र के समस्त व्यापारी बंधु शिरकत करेंगे इस दौरान राकेश चंद केसरवानी, अनिल कुमार अग्रहरी शिव कोटि लाल अग्रहरि,उदय अग्रहरि,जीत मौर्य, उमेश कुमार सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में घायल अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा बरीपुर के प्राथमिक विद्यालय के सामने बीते कल शनिवार शाम मोटर साइकिल और मोपेड चालक आमने सामने भिड़ गए थे जिसमे मोपेड चालक अशोक पुत्र बदरू और बाइक चालक अतुल पुत्र अवधेश घायल हो गए थे जिसमे अशोक 48 वर्ष को पुलिस ने एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा था जिसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई मौत की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृत अधेड़ मोपेड से गांव गांव कपड़े की फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था मृतक अपने इकलौते पुत्र अभिषेक को उच्च शिक्षा दिलाने को मेहनत करता था मौजूदा समय अभिषेक भोपाल के सरकारी इंजियनरिंग कालेज से बीटेक कर रहा है मृतक के 2 पुत्रियां एक 10 वर्ष और दूसरी 14 वर्ष की हैं ।अधेड़ की मौत से पत्नी संगीता रो रोकर बेहोश हो जा रही है परिजनों में कोहराम मचा है।

## दो बाइक सवारों की आमने-सामने भिड़ंत दोनों लहूलुहान

**महेवाघाट कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू के पास दो बाइक के बीच भिड़ंत हो गयी इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया दूसरे बाइक सवार को भी चोट लगी है हादसे में गंभीर घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और घायल के परिजनों को लोगों ने दे दी है बाइक सवार मकर संक्रांति के पर्व पर पभोषा का मेला देखने गए थे। जानकारी के मुताबिक मोनू निवासी उदहीन थाना पइसा रविवार को प्रभास गिरी का मेला देखने आया था उसी समय दूसरा मोटरसाइकिल भी मौके पर पहुंच गया तेज रफ्तार दोनों बाइक सवार की गोराजू फ्यूल पेट्रोल पंप के पास आमने सामने भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंच कर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक अन्य घायलों का नाम पता नहीं मिल सका है।

## अनियंत्रित चारपाहिया पेड़ से टकराई, दो घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना अंतर्गत चकनारा बाजार के पास एक चारपाहिया वाहन नीम के पेड़ से टकरा गयी जिससे चारपाहिया वाहन पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों युवकों को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार चकनारा के रहने वाले प्रभाकर शुक्ला (18 वर्ष ) पुत्र शिवभोला शुक्ला और राजरूपपुर प्रयागराज निवासी शानू पाण्डेय (16 वर्ष ) पुत्र ज्ञानचंद पाण्डेय घर से चकनारा बाजार जा रहे थे कि अचानक उनकी चारपाहिया वाहन अनियंत्रित होकर नीम के पेड़ से टकरा गयी जिससे दोनों युवक घायल हो गए। यह घटना देख आस पास के लोग मौके पर दौड़े और दोनों युवकों को कार से निकालकर 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया है।

## स्वच्छता को दैनिक जीवन में दें महत्व: भैरों प्रसाद मिश्र

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में मंदिरों में स्वच्छता अभियान कामदगिरि स्वच्छता समिति व गायत्री शक्तिपीठ ने संयुक्त रुप से चलाया। बरहा हनुमान मंदिर, गायत्री मंदिर मे साफ-सफाई की।

रविवार को अभियान में गायत्री शक्तिपीठ संचालक/ स्वच्छता समिति संरक्षक डॉ रामनारायण त्रिपाठी, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी राजेंद्र त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री के आवाहन पर 14 जनवरी को देश के सभी मंदिरों में सफाई अभियान चलाने को क्रियान्वित किया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के 100वें अभियान को सफलता पूर्वक चलाया। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि ये अभियान अनन्त पुण्य फल देने वाला है। सभी संकल्पबद्ध हो कि स्वच्छता को दैनिक जीवन में महत्व दे। समिति संरक्षक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि हर सम्भव प्रयास रहेगा कि परिवर्तन आये। राकेश केसरवानी ने कहा कि सब मिलकर सफल हुए है, आगे भी सहयोग मिलता रहे। भारत स्वच्छता मिशन के अधिकारी धर्म प्रकाश शुक्ला ने स्वच्छता संकल्प दिलाया। समिति के सदस्य शुभम केसरवानी, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार शुक्ला, अरुण कुमार, कृष्ण शुक्ला, राजकुमार ओझा के साथ गायत्री परिवार के स्वयं सेवक मौजूद रहे।


साफ-सफाई करते पूर्व सांसद।

## चित्रकूट के शिक्षक का बरेली में हुआ सम्मान

**चित्रकूट।** नगर के शिक्षक रामनारायण पाण्डेय रानाडे को बरेली में उनके किये नवाचारी शैक्षिक प्रयासों पर गूंज सामाजिक संस्था ने सम्मानित किया। संस्था प्रमुख पीपी सिंह, विधायक व पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने 51 शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रविवार को बरेली में मैं कवि कैसे बना नामक पुस्तक का विमोचन भी हुआ। ये पुस्तक सभी शिक्षकों की रचनाओं का साझा संकलन है, जो स्वतः में अनूठी है। राजकीय गर्ल्स कालेज मुरादाबाद की शिक्षिका श्रीमती पल्लवी शर्मा ने संपादित किया है। इस पुस्तक में रामनारायण पाण्डेय के रचित हम बच्चे हिन्दुस्तानी हैं को स्थान मिला है।

## सरकारी आवास में नहीं रहते मारकुण्डी रेंजर, जंगलों के हाल-बेहाल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र मारकुंडी द्वितीय रेंजर आवास महीनों से खाली पडा है। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने जिला मुख्यालय मे डेरा डाल रखा है। मारकुंडी रेंजर आवास मे ठहरना उन्हें पसन्द नहीं है।

रविवार को मारकुण्डी रेंजर के आवास में न रहने का खुलासा हुआ। बताया गया कि मारकुण्डी रेंजर को शहर में रहना पसन्द है। ऐसा है तो रेंजर की जिम्मेदारी क्यों ली है। योगी सरकार के कडे निर्देश के बाद भी रेंजर आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। टाइगर रिजर्व के उप निदेशक भी इस मामले में खामोश हैं। सवाल है कि वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा कैसे होगी। जब अधिकारी रात में गश्त ही नहीं करते। शिकारियों के जाल से वन्यजीवों को कैसे बचायेंगे।

वन क्षेत्राधिकारी मो नदीम मुख्यालय में डेरा डाले हैं। वनों की अधाधुंध कटान हो रही है। वाहनों से लकड़ियां बेरोकटोक जा रही हैं। मारकुंडी क्षेत्र द्वितीय के ददरीमाफी, जमुनिहाई, रूकमा, छेरिहा, मारकुंडी आदि जंगलों मे बड़े पैमाने पर खड़े ठूंठ अवैध कटान की गवाही दे रहे हैं। सरकार रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने में करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। जिम्मेदार अधिकारी प्रोजेक्ट को पलीता लगा रहे हैं।

## रोली कुमकुम चंदन है, रामलला अभिनंदन है

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मातृशक्ति जिला संयोजिका श्रीमती संजुला पाण्डेय, जगदीश गुप्ता, शालू केसरवानी ने बहादुरपुर, अमानपुर, गोबरिया, कपसेठी, विकास नगर में घर-घर जाकर अयोध्या धाम से आये शुभ अक्षत व आमंत्रण पत्र रामभक्तों को बांटा। निर्धारित तिथि में श्रीराम मंदिर आने को आमंत्रित किया। रविवार को मातृशक्ति जिला संयोजिका श्रीमती संजुला पाण्डेय आदि ने 22 जनवरी को घर व देवालयों को सजाकर दीपावली मनाने का अनुरोध किया। इस महापर्व में श्रीराम ज्योति जलाकर मनायें। कन्या भोज, भंडारा, लंगर, रामलीला, कीर्तन, मानस पाठ जो कर सकते हों, वे जरूर करें। हर घर-हर द्वार में श्रीराम के अभिनन्दन के नारे लिखें। रोली कुमकुम चंदन है, रामलला अभिनंदन है। अक्षत वितरण के कार्य में आदित्य जयसवाल, आदर्श जायसवाल, आदित्य पटेल, आरुषि केसरवानी, निहारिका वेणु, लोकेंद्रनाथ पांडेय आदि ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

## पुलिस ने स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत चलाया अभियान


पुलिस लाइन में सफाई करते एसपी आदि।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्य सचिव के स्वच्छता बाबत विशेष अभियान के आदेश में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत पुलिस लाइन परिसर में क्षेत्राधिकारी लाइन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि कर्मचारियों के साथ साफ-सफाई कर श्रमदान किया।

रविवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस कार्यालय में वाचक परितोष दीक्षित, सोशल मीडिया/ साइबर सेल प्रभारी विजय सिंह, प्रभारी प्रज्ञान अरुण कुमार राय व कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के साथ पुलिस कार्यालय परिसर एवं विभिन्न शाखा/कार्यालयों में बडे पैमाने पर साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इसी क्रम में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाना राजापुर व क्षेत्राधिकारी राजापुर कार्यालय, क्षेत्राधिकारी सदर हर्ष पाण्ड़ेय ने थाना कोतवाली कर्वी व क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह ने थाना मऊ, क्षेत्राधिकारी मऊ कार्यालय में कर्मचारियों के साथ साफ-सफाई की। स्वच्छता अभियान में जिले के सभी थाना एवं चैकियों में थाना/चैकी प्रभारियों ने साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों ने थाना कार्यालय, बैरक व थाना/चैकी परिसर में साफ-सफाई की।

## सैनिक परिवारों को डीएम ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** 8वें आर्ल्ड फॉसज वेटेरन्स दिवस पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय ने सम्मान समारोह में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में हुआ। जिलाधिकारी व अध्यक्ष सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास ने शहीदों के परिवारों को शाल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

रविवार को सम्मानित होने वाले शहीदों में शहीद सिपाही गोविन्द प्रसाद सोनी 1962 युद्ध, शहीद सिपाही बाबूलाल त्रिपाठी 1965 युद्ध, शहीद नायक कल्लूराम, शहीद सैपर छोटेलाल, आपरेशन रक्षक 1995 के परिवार शामिल हुए। जिलाधिकारी ने शहीद परिजनों को नमन कर कहा कि देश की रक्षा में अतुलनीय योगदान है। देश के साथ राज्य की भी सेवा किया है। बिजली की हड़ताल में सैनिकों ने जो सेवा दी है, वह सराहनीय है। प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार सैनिकों के साथ खड़ी है। कोई समस्या हो तो जिला प्रशासन सहयोग करेगा। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण एवं पूर्नवास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह ने बताया कि 14 जनवरी 1953 को देश के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल करियप्पा सेवा निवृत्त हुये थे। उन्ही के सम्मान में इस दिन को वेटेरन्स दिवस के बतौर वर्ष 2017 से हर वर्ष मनाया जाता है।


सैनिक परिवार का सम्मान करते डीएम।

## रिसर्च आफीसर में चयनित हुए डॉ रामनारायण

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के सेमरदहा गांव के डॉ रामनारायण मिश्र ने संघ लोक सेवा आयोग से रिसर्च आफीसर चयनित हुए हैं। उनके पिता अरुण कुमार मिश्र व पूर्व प्रधान नरेन्द्र कुमार के भतीजे हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा से हुई है। उच्च शिक्षा की तैयारी प्रयागराज से की है। इनके प्रेरणा स्त्रोत चाचा हरेन्द्र कुमार ज्वाइंट कमिश्नर व बडे भाई दिवाकर मिश्र महोबा में तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं।


डॉ रामनारायण।

## दो अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर दबोचे

### 16 किलो 460 ग्राम गांजा बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में कोतवाली कर्वी व एसओजी टीम ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के कब्जे से 16 किलो 460 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि रविवार को कोतवाली कर्वी पुलिस व एसओजी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दो गांजा तस्कर गांजा लेकर कौशांबी की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम ने पटेल तिराहे पर अंकुल पुत्र जग्गू सरोज व चंदा देवी पत्नी विनोद कुमार सरोज निवासी अलवारा थाना महेवाघाट जिला कौशांबी को अलग-अलग बैगों में 16 किलो 460 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया। बरामद गांजे की कीमत 411500 रुपये आंकी गई है।

पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ये गांजा उड़ीसा से लेकर आ रहे थे। कौशांबी जा रहे थे। वे कौशाम्बी, चित्रकूट, बांदा, फतेहपुर व प्रयागराज में गांजा की आपूर्ति करते हैं। टीम में दरोगा राहुल पांडेय, दरोगा गौरव तिवारी, सिपाही कुलदीप द्विवेदी, महिला सिपाही आरती व एसओजी टीम के दीवान जितेंद्र कुमार, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही रोहित सिंह, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, पवन कुमार राजपूत, आशीष यादव शामिल रहे।

## ब्लाइंड मर्डर का खुलासा: हत्या में शामिल छह दबोचे

### दस को बरगढ थाना क्षेत्र में महिला की हुई थी हत्या

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस ने बरगढ थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या का खुलासा किया है। हत्या में छह लोग शामिल रहे।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बरगढ़ थाना क्षेत्र के कोलमजरा गांव में दस जनवरी को अज्ञात महिला की हत्या हुई थी। इस बाबत चैकीदार कोलमजरा जोखई पुत्र स्व रामसुन्दर की तहरीर पर थाने में हत्या का अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। डीआईजी बांदा, एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतका की पहचान को सीओ मऊ व प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ को निर्देश दिये थे। बरगढ़ पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने प्रयास कर मृतका की पहचान निशा वर्मा पुत्री रमेश वर्मा निवासी आदर्श कालोनी थाना बरगढ़ के रूप में की।


हत्या का खुलासा करते एसपी।

बरगढ़ पुलिस व एसओजी टीम ने मृतका के मोबाइल नम्बर पर अंतिम बातचीत में प्रकाश में आये प्रिंस तिवारी पुत्र अंबिका प्रसाद तिवारी निवासी हटवा समेत रामअभिलाष उर्फ गुड्डू तिवारी, दिलीप पाण्डेय, देवेन्द्र सिंह, चारु, पंकज यादव को मुर्का बस स्टैण्ड से दबोचा। जामा तलाशी में गिरफ्तार आरोपियों से पांच फोन व 4090 रुपये बरामद हुये। पूंछतांछ में प्रिंस तिवारी ने बताया कि छह जनवरी को उसके मौसी के लड़के दिलीप, भाई रामविलाश उर्फ गुड्डू के फोन पर कहा कि वे इंज्वाय करना चाहते हैं, कोई व्यवस्था है, तो गुड्डू बोला कि व्यवस्था हो जायेगी। गाड़ी बुक कराकर सभी लोग पहुंचे। सभी छह लोगों ने शराब पी। बरगढ़ के अशोक चैराहे पर निशा वर्मा को लेकर कोलमजरा पहुंचे। निशा ने भी शराब पी। इसी बीच निशा का मोबाइल गुम हो गया। वह मोबाइल को लेकर गुड्डू से लड़ने लगी, पांच लोग गाड़ी में बैठकर वहां से चले गये। गुड्डू व निशा वही रह गये। बाद में गुड्डू ने फोन किया कि निशा की पत्थर मारकर हत्या कर दी है। टीम में स्वाट/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही रोशन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, आशीष कुमार, पवन राजपूत, रोहित सिंह व बरगढ़ थाने की टीम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य, दरोगा पवन कुमार प्रधान, सिपाही नवीन कुमार, दीवान बृजेश सिह शामिल रहे।

## मकर संक्रान्ति पर कालिंदी तट पर लगा मेला


मेले का मजा लेते ग्रामीण।

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के मां कालिंदी तट के कोठियार घाट में खिचड़ी मेला में ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का रेला उमड़ा। नगर पंचायत मऊ के आसपास के तमाम गांवों से हजारों लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। मेले में पारंपरिक रूप से बिकने वाली लाठियों की खरीद्दारी की। रविवार को नगर पंचायत मऊ के कोठियार घाट पर परंपरानुसार मकर संक्रांति पर मेले में लोगों का हुजूम सुबह से देर शाम तक डटा रहा। मेले में बच्चों ने खिलौनों की खरीद्दारी की। खिचड़ी मेले में गुड़ की जलेबी का स्वाद चखा। महिलाओं ने रोजमर्रा प्रयोग की सामग्री खरीदी। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि कोठियार घाट को पिकनिक स्पॉट बनाया जाये, क्योंकि यहां मां कालिंदी की नैसर्गिक सौंदर्य निखर कर आता है। लोग पगडंडियों के सहारे यमुना किनारे के कोठियार घाट पहुंचते हैं। पुरानी परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास करते हैं। सहूलियत को पुलिस प्रशासन की सक्रियता मेले में में बनी रही।

## लोक कल्याण को संकल्पित है मोदी सरकार: सांसद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र के दो स्थानों शंकर बाजार व मानिकपुर नगर पंचायत में संकल्प यात्रा में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला प्रशासनिक प्रमुख विकसित भारत संकल्प यात्रा आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में सांसद पटेल ने कहा कि गांव, गरीब के कल्याण को योजनायें जन-जन तक पहुंचाना मोदी सरकार का संकल्प है।

रविवार को भाजपा नीति मोदी सरकार लोक कल्याण को संकल्पित प्रयास कर रही है। सांसद ने कहा कि कार्यकर्ता संकल्पित प्रयास कर घर-घर सम्पर्क करें। जनकल्याण की योजनाओं को लागू कराने में सहभागी बनें। मोदी हर गरीब के सपने को पूरा करने को संकल्पबद्ध हैं। मोदी महिलाओं के विकास को संकल्पित हैं। आलोक पाण्डेय ने कहा कि गरीब, किसान, महिला, युवा कल्याण मोदी की गारंटी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी विभाग एकत्र होकर लाभार्थियों को लाभ पहुंचा रहे हैं। भाजपा के हर संकल्प को पूरा करने की मोदी की गारंटी है। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि वोट बैंक तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करना है। शत-प्रतिशत मतदान करने व कराने का संकल्प लेना है। भाजपा मोदी सरकार जनजवाबदेही तय करने के मूलमंत्र पर काम कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भागवत त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अखिलेश रैकवार, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, अनूप त्रिपाठी, शिवाकांत पाण्डेय, गोरेलाल रैकवार, शकुतंला गुप्ता, महेश केशरवानी, आनंद द्विवेदी, सच्चिदानंद, अभिलाष जायसवाल आदि मौजूद रहे।


संकल्प यात्रा में बोलते सांसद।

## जाति विशेष को गाली-गलौज, धमकाने पर मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश शुरू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जाति विशेष को गाली-गलौज व धमकाते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वायरल करने पर चार लोगों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में नामजद मामला दर्ज हुआ। आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक मुख्यालय से सटे कसहाई रोड का है। तीन और युवक वीडियो में नजर आए हैं। कई सामाजिक संगठनों ने विरोध जताया है। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

रविवार को सोशल मीडिया में युवक का वीडियो वायरल हुआ। युवक जाति विशेष को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता सुनाई व दिखाई दे रहा है। वीडियो में तीन-चार अन्य भी नजर आ रहे है। वीडियो वायरल होने पर सवर्ण आर्मी समेत अन्य कई सामाजिक संगठनों में उबाल आ गया। सवर्ण आर्मी, ब्राह्मण एकता परिषद व यादव समाज के लोगों ने लामबंद होकर पटेल तिराहे में प्रदर्शन किया।

## संविधान- संवैधानिक संस्थाओं में हो रहा कुठाराघात: मान सिंह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मर्का में हुए विशाल दंगल में पहुंचे समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने दंगल में आये किसान, नौजवान, बुजुर्गों का अभिनंदन करते हुए पहलवानों को प्रोत्साहित कर पुरस्कृत किया।

रविवार को दंगल में समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने कहा कि देश समाज के राजनीतिक हालात संक्रमण कालीन दशा से गुजर रहे हैं। विकास, महंगाई, बेरोजगारी से जनता का ध्यान हटाया जा रहा है। धार्मिक भावनाओं को उकसाकर समाज में वैमनस्यता फैलाई जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। भाजपा शासनकाल में गरीब व अमीर के बीच खाई बढ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सारे वायदे झूंठे व थोथे साबित हुए हैं। देश के 80 फीसदी लोग पांच किलो राशन पर जीवनयापन को मजबूर है। दलित, पिछड़ा, शोषित समाज व महिलाओं के साथ आये दिन घटनायें हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी खामोश है, दलित, पिछड़ा, आदिवासियों का हक व अधिकार लूटा जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, महिलायें वोट के रूप में जवाब देगी।


दंगल में बोलते सपा नेता मान सिंह।

## दो स्थानों से 12 जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपरपाधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 12 जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार की टीम ने रमेश कुमार पुत्र शम्भू प्रसाद निवासी बरमछाया थाना सरधुवा, शुभम सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी लोहरा थाना कमासिन, सोनू अग्रहरी पुत्र राकेश अग्रहरी निवासी मिश्रन पुरवा चिल्लीराकस, सागर निषाद पुत्र वासुदेव निषाद निवासी मिश्रन पुरवा चिल्लीराकस को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार किया।

## बूडे हनुमान मंदिर में दीपोत्सव, हुई संगीतमयी कीर्तन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अयोध्या में रामलला विराजमान होने की खुशी में बुंदेली सेना व मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट ने 22 जनवरी से तीर्थक्षेत्र के 22 प्रमुख स्थानों पर दीपदान, संकीर्तन व पूजन अभियान शुरू किया है। रविवार को दीपदान की शुरूआत रामशैय्या से हुई। दूसरे दिन बूडे हनुमानजी में दीपदान कर कीर्तन व पूजन हुआ। फूलों व दीपों से रामनाम अंकित कर मंदिर को सजाया। ढोलक, झांझ, हारमोनियम से कीर्तन की। मत्तगजेंन्द्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास महराज ने मठ-मंदिरों समेत घरों में लोगों से 22 जनवरी को दिवाली मनाने की अपील की। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि धर्मनगरी में प्रभु साढे गयारह वर्षों तक रहे। ये उनकी कर्मभूमि है। अयोध्या से कई गुना ज्यादा चित्रकूटवासी मंदिर बनने से गदगद हैं। चहुंओर उल्लास का माहौल है। बूड़े हनुमान मंदिर के पुजारी रामजीदास महराज ने दीपदान की सराहना की। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष को शाल भेंटकर सम्मानित किया।

# प्रचंड ने ताइवान के चुनाव परिणाम को चिंताजनक बताते हुए चीन के प्रति सहानुभूति दिखाई

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडङ्क ने ताइवान के आमचुनाव के परिणाम पर चिन्ता जताते हुए चीन के प्रति सहानुभूति दिखाई है। इतना ही नहीं, प्रचंड ने ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ होने की बात भी कही है। चीनी नव वर्ष पर एक समारोह में प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि ताइवान में चाहे जैसा चुनाव परिणाम आया हो, नेपाल उसकी स्वतंत्रता के खिलाफ था, है और रहेगा भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल कभी भी ताइवान की स्वतंत्रता के पक्ष में नहीं रहा है। नेपाल हमेशा से ताइवान को चीन का अभिन्न अंग मानता है। प्रचंड ने कहा कि नेपाल सदैव ही एक चीन नीति का पक्षधर रहा है।




काठमांडू स्थित चीनी दूतावास की ओर से आयोजित समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि नेपाल के प्रधानमंत्री ने अपने पिछले चीन भ्रमण का भी जिक्र किया। प्रचंड ने कहा कि चीन भ्रमण के बाद उन पर कई शक्ति केन्द्रों का दबाब होने के बावजूद उन्होंने ताइवान को चीन का अभिन्न अंग माना था और किसी प्रकार से ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ होने की बात कही थी।

प्रचंड ने कहा कि ताइवान में चाहे जैसा चुनाव परिणाम आया हो वो चीन में दिए अपने बयान पर अभी भी अडिग हैं। उन्होंने कहा कि चीन नेपाल का सदैव से सबसे अधिक विश्वासी पड़ोसी और मित्र राष्ट्र रहा है। चीन और नेपाल की सभ्यता हिमालय, नदियों से आगे बढ़कर अब जनस्तर पर बढ़ रही है

# कनाडा के क्लार्क काउंटी और पोर्टलैंड-वैंकूवर मेट्रो में बर्फीली तूफान

**वैंकूवर (कनाडा)।** पिछले 24 घंटों से क्लार्क काउंटी और पोर्टलैंड-वैंकूवर मेट्रो क्षेत्र के लोगों को बर्फीले तूफान का सामना करना पड़ रहा है। बैंकूवर में सर्दी ने पिछले 33 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज पूर्वी हवाओं की वजह से तापमान काफी नीचे चला गया है। न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



स्थानीय समाचार पत्र द कोलंबियन ने राष्ट्रीय मौसम सेवा के वरिष्ठ विज्ञानी शॉन वीगल के हवाले से कहा है कि शनिवार शाम 4 बजे तक कोलंबिया नदी के पास पूर्वी पोर्टलैंड में डेढ़ इंच बर्फ गिर चुकी थी। अगर बारिश रुक गई तो रविवार से मंगलवार तक मौसम शुष्क रहेगा।

वीगल ने कहा, " बैंकूवर मेट्रो क्षेत्र में आज रात 10 बजे तक बर्फ गिर सकती है। लोगों को कई दिनों तक ठंड का सामना करना पड़ेगा। तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है। वैंकूवर क्लीनिक ने कहा कि उसके रिज फील्ड और कैमास अर्जेंट केयर बंद हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी वसंत तक छोड़ सकते हैं पद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के विशेष दूत (जलवायु) जॉन केरी इस साल वसंत तक अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। बाइडन से मुलाकात में उन्होंने इस जिम्मेदारी से मुक्त होने की इच्छा जताई है। 80 वर्षीय केरी ने 2021 की शुरूआत से जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रपति के शीर्ष राजनयिक के रूप में काम किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार बाइडेन और केरी की मुलाकात के समय मौजूद दो शीर्ष अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

केरी ने 2021 से अब तक तीन संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलनों में अमेरिकी वार्ता दल का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्होंने जो दुनिया भर की सरकारों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में आक्रामक रूप से कटौती करने के लिए प्रेरित किया है।



रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन के दौरान अमेरिका के पेरिस जलवायु समझौते से पीछे हटने के बाद स्थिति उलझ गई थी। बाइडेन के राष्ट्रपति बनने पर अमेरिका ने नीतिगत फैसला लेते हुए केरी को नई जिम्मेदारी सौंपी।केरी ने दुनिया के दो सबसे बड़े प्रदूषकों संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच ग्लोबल वार्मिंग पर सहयोग की वकालत की।

रिपोर्ट में अनुसार केरी ने बुधवार को व्हाइट हाउस में बाइडेन से मुलाकात की और राष्ट्रपति को इस्तीफा देने के अपने इरादे के बारे में सूचित किया। केरी ने शनिवार को अपने कर्मचारियों को अपने फैसले से अवगत कराया। केरी के अगले सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के साथ-साथ फरवरी में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की बैठक में हिस्सा लेने की संभावना है।

# नेपाल सुप्रीम कोर्ट परिसर में न्यायाधीश की पत्नी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**काठमांडू।** अपने न्यायाधीश पति के खिलाफ बलात्कार का मुद्दा दायर करने वाली पत्नी ने त्वरित कार्यवाही की मांग करते हुए रविवार की दोपहर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया है। सुरक्षाकर्मियों ने महिला को नियंत्रण में ले लिया है।

न्यायाधीश भुवन गिरी की पत्नी आरती गिरी रविवार की दोपहर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में पहुंचीं और अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। तभी कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिस वालों की नजर पड़ गई और उन्होंने महिला को खुद के शरीर में आग लगाने से पहले ही नियंत्रण में ले लिया। महिला जोर-जोर से अपने पति भुवन गिरी के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी। उसने अपने पति को जेल भेजे जाने की मांग अपनी टी शर्ट पर प्रिंट करा रखी थी।




आरती गिरी ने अपने पति न्यायाधीश भुवन गिरी पर वैवाहिक बलात्कार का आरोप लगाया था। उस समय वह कपिलवस्तु में जिला न्यायाधीश पद पर तैनात थे, तब पुलिस ने न्यायाधीश गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया था। बाद में कपिलवस्तु जिला अदालत के आदेश के बाद न्यायाधीश भुवन गिरी के खिलाफ 5 अप्रैल, 2023 को वारंट जारी किया गया था। 11 अप्रैल, 2023 को उनकी गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन कुछ दिन बाद ही वो 2.75 लाख की जमानत पर रिहा हो गए थे। न्यायाधीश की पत्नी का आरोप है कि पूरा तंत्र उनको बचाने में लगा है। बलात्कार जैसे आरोप के बावजूद उन्हें जमानत कैसे मिल गई। आरती गिरी ने अपने पति की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए दायर मुकदमे की जल्द सुनवाई किए जाने की बात कही है। महिला का कहना था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देते हुए मुकदमे का फैसला जल्द नहीं किया तो वो बीच चौराहे पर खुद को जिन्दा जला लेगी।

# ब्रेक्जिट से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को 140 अरब पाउंड का नुकसान : लंदन के मेयर

**लंदन।** लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि ब्रेक्सिट के कारण ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को लगभग 140 अरब ब्रिटिश पाउंड (178.7 अरब डॉलर) या छह फीसदी का नुकसान हआ है।

खान ने गुरुवार को लंदन शहर में एक भाषण के दौरान सिटी हॉल द्वारा नियुक्त कैम्ब्रिज इकोनोमेट्रिक्स की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यूरोपीय संघ से देश के अलग होने से लंदन की अर्थव्यवस्था को भी 30 अरब पाउंड से अधिक का नुकसान हुआ है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्?होंने कहा, "ब्रेक्सिट कोई परिधीय चिंता नहीं है, जिसे हम अतीत में छोड़ सकते हैं - यह अभी जीवन-यापन संकट में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है और इसके परिणामस्वरूप अवसर खो गए हैं, व्यापार खो गया है, इसलिए आय में कमी आई है।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट से पता चलता है कि 2023 में औसत ब्रिटिश की हालत लगभग 2,000 पाउंड खराब थी, जबकि पिछले साल ब्रेक्सिट के परिणामस्वरूप औसत लंदनवासी की हालत लगभग 3,400 पाउंड खराब थी।

इसमें कहा गया है कि आर्थिक क्षति और बदतर होने वाली है, यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई तो 2035 तक ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था से 300 अरब पाउंड से अधिक का नुकसान होने की संभावना है।

# पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक अभियान के दौरान दो आतंकवादियों को मारने का दावा किया।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के एक बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर उत्तरी वजीरिस्तान में एक खुफिया-आधारित अभियान चलाया। बयान के अनुसार अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों




और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए।आईएसपीआर ने कहा कि मारे गए आतंकवादी क्षेत्र में कई आतंकी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिनमें निर्दोष नागरिकों की लक्षित हत्या भी शामिल है।

सेना ने कहा, 'क्षेत्र में पाए गए किसी भी अन्य आतंकवादी को खत्म करने के लिए सफाया अभियान चलाया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**RNI No: UPHIN/2001/09025**
**ऑफिस मो.: 9565333000**
**Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com**
**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# बाइडेन की हूतियों की चेतावनी, हमले जारी रहे तो होगी जवाबी कार्रवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चेतावनी दी है कि अगर हूतियों ने अपना 'अपमानजनक व्यवहार' जारी रखा तो उनके खिलाफ और भी जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा यमन में रात भर दर्जनों हवाई हमले शुरू करने के बाद शुक्रवार को बाइडेन ने यह टिप्पणी की।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमले सफल रहे और उन्हें लगा कि हूती एक "आतंकवादी" समूह है।

हूतियों के अनुसार, हमले के दौरान यमन पर 70 से अधिक मिसाइलें दागी गईं।

हूती प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुस्सलाम ने कहा, "उन्होंने (अमेरिका और ब्रिटेन) इस विश्वासघाती आक्रामकता के साथ मूर्खता की है।"

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, "हमें यमन के साथ युद्ध में कोई दिलचस्पी नहीं है।" हालाँकि, उन्होंने कहा कि बाइडेन "हमारे सैनिकों और हमारी सुविधाओं और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य की रक्षा के लिए आगे की कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे"।

ब्रिटिश समाचार प्रसारक ने बताया कि शुक्रवार के हमलों को कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे सहयोगियों का समर्थन प्राप्त था।

# कॉकपिट की खिड़की में दरार के कारण जापान में एएनए बोइंग विमान को लौटना पड़ा

**लंदन।** जापान में ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) की एक घरेलू उड़ान, उड़ान के दौरान कॉकपिट की खिड़की में दरार की सूचना मिलने के बाद अपने प्रस्थान हवाई अड्डे पर लौट आई है। बीबीसी ने यह जानकारी दी। दरार कॉकपिट के आसपास की खिड़की की चार परतों में से सबसे बाहरी हिस्से में दिखाई दी। एक विमानन विशेषज्ञ ने कहा कि घटना गंभीर नहीं थी, लेकिन अगर इसे ठीक नहीं किया गया तो यह "काफी खतरनाक" हो सकती थी। विमान में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। एएनए की उड़ान एनएच1182 होक्काइडो के साप्पोरो शहर से जापान के मुख्य द्वीप होंशू पर टोयामा के लिए उड़ान भर रही थी। बीबीसी ने बताया, विमान, बोइंग 737, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.10 बजे साप्पोरो के न्यू चिटोज




हवाई अड्डे पर वापस उतरा। जापान के सबसे बड़े वाहक एएनए के एक प्रवक्ता ने कहा कि जब उड़ान हाकोडेट के ऊपर से गुजरी तो दरार पाई गई। प्रवक्ता ने कहा, "दरार ऐसी कोई चीज नहीं थी जो उड़ान के नियंत्रण या दबाव को प्रभावित करती हो।" बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विमान वापस हवाईअड्डे की ओर चला गया, जहां सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

विमानन विशेषज्ञ जॉन स्ट्रिकलैंड ने कहा कि दरार का कारण अभी भी अज्ञात है। विमान में 59 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की गई। कई हफ्तों में बोइंग 737 मॉडल विमान से जुड़ी यह दूसरी घटना है। स्ट्रिकलैंड ने कहा, हालांकि, एएनए उड़ान बोइंग के 737 एमएएक?स 9 हवाई जहाजों में से एक नहीं थी, बल्कि एक पुराना संस्करण था जो "किसी भी तरह से पुराना नहीं था।" बीबीसी के मुताबि?क पिछले सप्ताह अलास्का एयरलाइंस के एक विमान में विस्फोट के बाद एक केबिन पैनल हवा में एक नए विमान से गिर गया, इससे विमान के धड़ के किनारे एक बड़ा छेद हो गया, इसके बाद सभी बोइंग 737-9 विमानों को अमेरिकी विमानन नियामक एफएए द्वारा रोक दिया गया है।